उज्जैन
शुक्रवार
30
अक्टूबर, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-356
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 ▸ इंदौर में ठेका 28 लाख का, भुगतान 6 करोड़ रुपये पार

7 ▸ क्या ईशान लौटे तो नहीं खेलेंगे वैभव सूर्यवंशी



यामी गौतम एक्टिंग छोड़कर खेती करने वाली थीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

टीवी से करियर शुरू करने वाली यामी गौतम ने 2012 में विक्की डोनर से बॉलीवुड में डेब्यू किया। पहली फिल्म हिट रही, लेकिन आगे का सफर आसान नहीं रहा। टोटल सियापा, एक्शन जैक्सन, ह्यसनम रे, जुनूनियत, सरकार 3 और बत्ती गुल मीटर चालू के बॉक्स ऑफिस पर निराशाजनक प्रदर्शन के बीच उन्होंने एक्टिंग छोड़कर हिमाचल प्रदेश में खेती करने का मन बना लिया था। यामी ने बताया कि उन्होंने वहां जमीन खरीदी थी। उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक नहीं चलती तो वह बैग पैक करके घर लौट जातीं। हालांकि, उरी और बाला की सफलता ने उनके करियर को नई दिशा दी। बाद में ओएमजी 2 और आर्टिकल 370 जैसी फिल्मों में उन्होंने अभिनय क्षमता साबित की। आर्टिकल 370 में जूनी हक्सर के किरदार के लिए उन्हें 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का सम्मान मिला। यामी गौतम ने करियर में कई उतार-चढ़ाव देखे। बॉलीवुड में कदम रखने से पहले उन्होंने टेलीविजन पर काम किया। चांद के पार चलो और ह्यये प्यार न होगा कम जैसे शोज से उन्हें पहचान मिली।

देश

- **आईआरसीटीसी** होटल घोटालाः लालू यादव की याचिका पर हाईकोर्ट का एऊको नोटिस, 3 दिसंबर को अगली सुनवाई
- 6 राज्यों में एसआईआर की समयसीमा बढ़ी, दिल्ली में फाइनल लिस्ट अब 22 दिसंबर को, सुप्रीम कोर्ट ने पूछा था- अभी चुनाव नहीं हैं, फिर जल्दबाजी क्यों
- **पीएम मोदी** दो दिन के गुजरात दौरे पर, 14 हजार करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे पीएम-किसान की 24वीं किस्त भी जारी करेंगे
- **किरण रिजिजू** बोले- नहीं पता था ये इतने खतरनाक हैंः नसीरुद्दीन शाह के बयान पर कसा तंज, कहा- उनके असली चरित्र का देर से पता चला
- **राजकोट** एयरपोर्ट के पास आग से मचा हड़कंप, 100 से ज्यादा यात्रियों वाली एअर इंडिया फ्लाइट वडोदरा डायवर्ट

विदेश

- **इजराइल चुनाव-** सरकार बनाने की कोशिशों में जुटे आइजनकोट, तीन विपक्षी नेताओं से मुलाकात की, बोले- नेतन्याहू चुनाव को बदनाम कर रहे फिसल सकता है गोल्ड
- **अमेरिका**- मिडटर्म चुनाव की अर्ली वोटिंग, रिपब्लिकन पार्टी पीछे, अब तक 4 करोड़ ने वोट डाला, ट्रम्प ने 30 राज्यों की वोटर लिस्ट मंगवाई
- **अमेरिकी** कंपनी के सीईओ चीनी महिला जासूस से मिले, ट्रम्प की नीतियां और एडवांस एआई चिप तकनीक लीक होने का शक, एजेंसियां अलर्ट पर

व्यापार

- **दिवाली** से पहले सोने की कीमतों में 25% तक गिरावट
- **हवाई** टिकटें महंगी होना तय, फ्यूल पर खर्च बढ़ा, इंडिगो का तिमाही घाटा 1,879 करोड़ रु. , रेवेन्यू 26% बढ़कर 23,364 करोड़ हुआ

कार्टून..



भूटान में ग्लेशियर झील फटी, गर्म पानी का कुंड बहा

हाईवे-सड़कें उखड़ीं, बंगाल-असम में बाढ़ का अलर्ट, 10 हजार लोग शिफ्ट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ थिम्पू/कोलकाता

भूटान में गुरुवार देर रात शिंताफू ग्लेशियर झील फटने भारी तबाही हुई है। इससे निकले पानी के तेज बहाव में यहां का मशहूर गर्म पानी का कुंड 'गासा त्शाचु'पूरी तरह बह गया।

बाढ़ में पुनाखा-गासा हाईवे का एक हिस्सा टूटने से ट्रैफिक बंद करना पड़ा। हालांकि, अब तक किसी की मौत की खबर नहीं है।

झील से निकले पानी के कारण संकोश नदी का जलस्तर बढ़ गया। यह नदी भूटान से निकलकर असम और पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती इलाकों से गुजरकर ब्रह्मपुत्र में मिलती है। इस वजह से दोनों राज्यों में अलर्ट जारी किया गया है।

बंगाल के अलीपुरद्वार में प्रशासन ने 10 हजार से ज्यादा लोगों को सुरक्षित स्थानों और राहत शिविरों में



पहुंचाया है। रातभर लोगों को जल्दी घर छोड़ने और सायरन बजाकर सतर्क किया गया। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और आपदा प्रबंधन की टीमें तैनात हैं।

भूटान में कहां और कैसे आई बाढ़

भूटान के गासा जिले के लुंगो, लाया गेओग में शिंताफू तशो झील से 29 अक्टूबर की शाम अचानक पानी निकलने लगा। यह झील वाकिला पर्वत के नीचे स्थित है और भूटान की 17 संभावित खतरनाक ग्लेशियर झीलों में शामिल है। झील से निकला पानी मो छू नदी के जलग्रहण क्षेत्र से आगे बढ़ा। बाढ़ का पानी ताकत्सेमाखांग इलाके में रात करीब 8:15 बजे पहुंचने की खबर है। पानी का बहाव इतना तेज था कि गासा त्साचू हॉट स्प्रिंग की सुविधाओं को नुकसान पहुंचा।
हॉट स्प्रिंग को नुकसानः गासा त्साचू के आसपास बने इंफ्रास्ट्रक्चर और सुविधाएं बाढ़ में क्षतिग्रस्त हुईं।
सड़क बह गईः लाया गांव की ओर जाने वाली सड़क का एक हिस्सा पानी के तेज बहाव में बह गया। इस रास्ते पर आवाजाही रोक दी गई।

जामिया यूनिवर्सिटी में 20 साल बाद होंगे छात्र संघ चुनाव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली की जामिया मिल्लिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी प्रशासन छात्र संघ चुनाव करवाने को तैयार हो गया है। जामिया प्रशासन ने 29 अक्टूबर को एक नया ऑर्डर जारी किया है, जिसमें पहली बार टाइम-बाउंड डेडलाइन दी गई है। प्रशासन के मुताबिक, 16 जुलाई से एकडेमिक सेशन शुरू होगा। इसके के 6 हफ्तों के भीतर स्टूडेंट्स यूनियन के चुनाव कराए जाएंगे। संविधान पूरा करने की अंतिम तारीख 15 मई 2027 है। जामिया मिल्लिया इस्लामिया प्रशासन ने स्टूडेंट्स यूनियन के संविधान को तय समयसीमा में पूरा करने को कहा है। प्रशासन ने कहा है कि 2 नवंबर से ऑफलाइन क्लासेज फिर शुरू होंगी। इसके अलावा, आंदोलन के दौरान छात्रों पर जो शो-कॉज नोटिस, सस्पेंशन, रस्टिकेशन और कैंपस बैन लगाए गए थे, वे सब वापस लिए जाएंगे। इससे पहले 26 अक्टूबर को प्रशासन ने कहा था कि संविधान अप्रूव होने के 15 दिन बाद चुनाव होगा, लेकिन इसकी तारीख नहीं दी थी, इसलिए छात्र हड़ताल खत्म करने राजी नहीं हुए थे।

फिल्म मेकर रामगोपाल वर्मा को रकम न चुकाने पर लीगल नोटिस

29.67 करोड़ रुपये चुकाने के लिए 30 अक्टूबर की डेडलाइन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

फिल्म निर्माता रामगोपाल वर्मा को 29.67 करोड़ रुपए का बकाया न चुकाने पर लीगल नोटिस जारी किया है। फिल्म प्रोडक्शन कंपनी 'एकलातांत फिल्म्स' ने यह रकम ना चुकाने का आरोप लगाया है।

ट्रेड एनालिस्ट अतुल मोहन की मैगजीन कंप्लीट सिनेमा के 24 और 31 अक्टूबर 2026 के अंक में प्रकाशित सार्वजनिक नोटिस के अनुसार, कंपनी ने रामगोपाल वर्मा को 30 अक्टूबर 2026 तक पूरी रकम का भुगतान करने को कहा है। ऐसा न करने पर कंपनी ने उनके प्रोजेक्ट्स के अधिकार रोकने और कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।

नोटिस के मुताबिक, यह पूरा विवाद 10 अप्रैल 2010 को हुए एक समझौते से जुड़ा हुआ है। इसमें 17 अप्रैल 2013 को बॉम्बे हाईकोर्ट की ओर से दिए गए एक आदेश का भी हवाला दिया गया है। कंपनी का दावा है कि रामगोपाल वर्मा पर मूल बकाया के अलावा 11.38 करोड़ रुपए का ब्याज भी जमा हो चुका है। ब्याज मिलाकर कुल देनदारी 29.67 करोड़ रुपए से अधिक हो गई है। कंपनी ने 15 अक्टूबर 2026 को रामगोपाल वर्मा को कानूनी नोटिस भेजा था।

बिना लिखित एनओसी के काम करने पर रोक का दावा

एकलातांत फिल्म्स का कहना है कि समझौते की शर्तों के अनुसार, जब तक रामगोपाल वर्मा बकाया रकम का पूरा भुगतान नहीं कर देते, तब तक वे किसी तीसरे पक्ष के साथ काम नहीं कर सकते। उन्हें फिल्म निर्माण, सह-निर्माण, निर्देशन या लेखन से जुड़ी किसी भी काम के लिए कंपनी से लिखित अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना जरूरी है। बिना अनुमति के वे किसी भी नए प्रोजेक्ट से नहीं जुड़ सकते।

30 अक्टूबर तक भुगतान न करने पर प्रोजेक्ट्स रुकेंगे

कंपनी ने चेतावनी दी है कि यदि 30 अक्टूबर 2026 तक बकाए का निपटारा नहीं हुआ, तो वह समझौते के तहत आने वाली फिल्मों और प्रोजेक्ट्स में रामगोपाल वर्मा के हिस्से, अधिकारों, राजस्व और कमाई पर अपना लीगल अधिकार (लागू कर देगी। इससे उनकी फिल्मों की रिलीज, प्रसारण या अन्य जरिया से मिलने वाला राजस्व रोका जा सकता है।



यूपीः आज प्रदेश में तीखे तेवर दिखाएगा चक्रवात अर्नब

तेज हवाओं के साथ बारिश का अलर्ट जारी, दी गई चेतावनी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ लखनऊ

यूपी में अर्नब चक्रवात आज यूपी में पूरी तरह से सक्रिय दिखेगा। प्रदेश के करीब-करीब सभी जिलों में इसका कम या ज्यादा असर दिख सकता है।

चक्रवाती तूफान अर्नब के असर से बृहस्पतिवार को काशी से अयोध्या और गोरखपुर से मेरठ तक मौसम ने करवट ली। कई जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई तो कहीं घने बादलों ने धूप रोक दी। इससे तापमान गिरा और ठंड का अहसास बढ़ गया। शुक्रवार को भी प्रदेश में मौसम का मिजाज बिगड़ा रहने के आसार हैं। राजधानी लखनऊ और उसके आसपास के जिलों में सुबह से गहरे बादल छाए हुए हैं।

क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार, तराई के छह जिलों में अति भारी बारिश हो सकती है, जबकि पूर्वी यूपी के 13 जिलों में भारी बारिश की संभावना है। पश्चिमी यूपी के नौ जिलों में ओले गिरने के आसार हैं। प्रदेश के 50 जिलों में गरज-चमक के साथ 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। बृहस्पतिवार सुबह वाराणसी, अयोध्या और गोरखपुर समेत पूर्वी यूपी के कई जिलों में बारिश हुई। सोनभद्र, मीरजापुर और विंध्य क्षेत्र के अन्य जिलों में भी बूंदाबांदी हुई। मेरठ में सुबह धुंध और ठंड के साथ दिन की शुरूआत हुई। लखनऊ समेत प्रदेश के कई हिस्सों में हल्की बारिश हुई, जबकि कई जगह घने बादल छाए रहे। सहारनपुर में वज्रपात की सूचना मिली। बारिश और तेज हवाओं से तापमान में गिरावट आई और मौसम में ठंडक बढ़ गई। 23.1 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ मेरठ में सबसे ठंडा दिन रहा वहीं 16.5 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ मुजफ्फरनगर में सबसे ठंडी रात रही।

इन 50 जिलों में है चलेंगी तेज हवाएं

प्रतापगढ़, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, फरुर्खाबाद, कन्नौज, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकर नगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, कासगंज, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं एवं आस पास के क्षेत्र।

प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, विराट कोहली जैसी हस्तियों से जागरूकता बढ़ाने का सुझाव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत ने प्रदूषण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विराट कोहली जैसी लोकप्रिय हस्तियों की मदद लेने का सुझाव दिया। वहीं, दिल्ली सरकार ने अदालत को बताया कि प्रदूषण से निपटने के लिए तैयारियां तेज कर दी गई हैं और राजधानी में कई स्तरों पर कदम उठाए जा रहे हैं।

दिल्ली सरकार की ओर से पेश एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने अदालत को बताया कि सरकार पिछले वर्षों की तुलना में इस बार प्रदूषण से निपटने के लिए बेहतर तरीके से तैयार है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के बाहर से आने वाले ऐसे वाहनों को राजधानी में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी, जो बीएस-4 उत्सर्जन मानकों का पालन नहीं करते हैं। सरकार के अनुसार, यातायात जाम कम करने के लिए सरकारी कार्यालयों के कामकाज के समय में बदलाव किया गया है। निर्माण स्थलों के आसपास एंटी-स्मॉग गन लगाई गई हैं. राजधानी में कुल 608 एंटी-स्मॉग गन तैनात की गई हैं। इसके अलावा, प्रदूषण नियंत्रण के लिए वार्षिक कार्ययोजना और समर्पित नियंत्रण केंद्र भी बनाया गया है।

टाइगर श्रॉफ फायरिंग मामलाः सोनीपत से अमन गिरफ्तार

केस में अब तक हो चुकीं 12 गिरफ्तारियां

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सोनीपत

अभिनेता टाइगर श्रॉफ पर फायरिंग मामले में सोनीपत से अमन गिरफ्तार हुआ है, यह मामले में 12वीं गिरफ्तारी है। 11 अन्य आरोपियों पर मकोका लगा, जिन्हें पुलिस हिरासत में भेजा गया है।

अभिनेता टाइगर श्रॉफ पर फायरिंग के मामले में एक और गिरफ्तारी हुई है। यह इस मामले में कुल 12वीं गिरफ्तारी है। मुंबई पुलिस ने सोनीपत के रोहणा गांव से अमन नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अमन को देर रात पूछताछ के बाद पकड़ा गया। वह पहले गिरफ्तार हो चुके कुणाल का दोस्त बताया जा रहा है। मुंबई पुलिस ने अमन के बैंक खाते में पैसों का लेनदेन पाया। इसी वित्तीय लेनदेन के आधार पर उसे गिरफ्तार किया गया। मुंबई पुलिस अब अमन को कोर्ट में पेश करेगी। इसके बाद उसे ट्रांजिट रिमांड पर मुंबई ले जाया जाएगा। गुरुवार को पुलिस ने टाइगर श्रॉफ की कार पर फायरिंग के मामले में गिरफ्तार 11 आरोपियों के खिलाफ महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण कानून (मकोका) के प्रावधान लागू किए हैं। इसके बाद सभी आरोपियों को दोबारा गिरफ्तार कर विशेष मकोका अदालत में पेश किया गया। विशेष न्यायाधीश सत्यनारायण नवनंदर ने सभी आरोपियों को 6 नवंबर तक पुलिस हिरासत में भेजने का आदेश दिया। यह घटना 18 अक्टूबर को मुंबई के जुहू इलाके में हुई थी। टाइगर श्रॉफ फुटबॉल ग्राउंड से निकल रहे थे, तभी दो हमलावरों ने उनकी कार पर पांच राउंड फायरिंग की।



1 नवंबर से म्यूचुअल फंड्स में अब निवेशकों को मिलेगा ज्यादा रिटर्न

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

म्यूचुअल फंड निवेशकों के हित में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) बड़ा बदलाव करने जा रहा है। सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडे के मुताबिक, 1 नवंबर से एसेट मैनेजमेंट कंपनियों (एएमसी) के डिजिटल प्लेटफॉर्म पर म्यूचुअल फंड की डायरेक्ट प्लान स्कीमें डिफॉल्ट विकल्प होंगी। वहीं, रेगुलर प्लान चुनने वाले निवेशकों को एएमसी को अधिक एक्सपेंस रेश्यो यानी खर्च अनुपात की जानकारी देनी होगी। इस पहल का उद्देश्य निवेशकों को कम लागत वाले विकल्पों के प्रति जागरूक करना और उनके रिटर्न में सुधार करना है। आमतौर पर डायरेक्ट प्लान में रेगुलर प्लान की तुलना में एक्सपेंस रेश्यो कम होता है। इससे अन्य परिस्थितियां समान रहने पर निवेशकों को बेहतर शुद्ध रिटर्न मिल सकता है। मुंबई में आयोजित एनडीटीवी प्रॉफिट इग्नाइट के दीपावली संस्करण में पांडे ने कहा कि सेबी मेनबोर्ड इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ) और फॉलो-ऑन पब्लिक ऑफर (एफपीओ) के ढांचे की समीक्षा करेगा. इसके अलावा, छोटे एवं मध्यम उद्यमों (एसएमई) के आईपीओ और 'इनोवेटर्स ग्रोथ प्लेटफॉर्म' की भी समीक्षा की जा रही है।

रूस का यूक्रेन के रेलवे स्टेशन पर हमला, 14 लोगों की मौत

ड्रोन से इलेक्ट्रिक ट्रेन को निशाना बनाया, इस साल रेल नेटवर्क पर 1600 हमले


ब्रह्मास्त्र ▸▸ कीव

यूक्रेन के मध्य में स्थित निप्रो शहर में गुरुवार सुबह रूसी ड्रोन ने रेलवे स्टेशन पर हमला किया। अधिकारियों के मुताबिक, हमले में 14 लोगों की मौत हो गई, जबकि 10 अन्य घायल हुए हैं। शहर के मेयर बोरिस फिलातोव ने कहा कि ड्रोन ने यात्रियों को ले जाने वाली इलेक्ट्रिक ट्रेन को निशाना बनाया। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने हमले को भयावह बताया। उन्होंने रूस पर और कड़े प्रतिबंध लगाने की मांग की, ताकि ऐसे हमलों को रोका जा सके।

हमले के वक्त प्लेटफॉर्म पर खड़ी थी ट्रेन- यूक्रेन की सरकारी रेलवे कंपनी के मुताबिक, ड्रोन ने उस प्लेटफॉर्म को निशाना बनाया, जहां निप्रो से जापोरिजिया जाने वाली ट्रेन नंबर 866 खड़ी थी। ट्रेन रवाना होने की तैयारी में थी। रेलवे कंपनी ने बताया कि खतरे को लेकर चेतावनी जारी की गई थी, लेकिन इसके बावजूद प्लेटफॉर्म पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

रेलवे नेटवर्क पर 8 महीने में 1600 से ज्यादा हमले

रूस ने 2026 के पहले 8 महीनों में यूक्रेन के रेलवे नेटवर्क पर 1,600 से ज्यादा हमले किए। इनमें ट्रेन, रेल इंजन और रेलवे से जुड़े दूसरे ठिकानों को निशाना बनाया गया। विदेश मंत्री आंद्रिय सिबिहा के मुताबिक, 2022 में युद्ध शुरू होने के बाद से रूस 500 से ज्यादा रेल इंजनों को नुकसान पहुंचा चुका है या नष्ट कर चुका है। इनमें से आधे से ज्यादा घटनाएं इसी साल हुईं। यूक्रेन के लिए रेलवे यात्रियों के साथ-साथ जरूरी सामान और अनाज की आवाजाही का भी अहम साधन है। ऐसे में रेलवे पर हमलों से देश की परिवहन व्यवस्था प्रभावित हो रही है। यूक्रेन के पूर्व उप परिवहन मंत्री वासिल शेवचेंको के मुताबिक, रेल इंजन पर हमला होने से पूरे रेल मार्ग पर यातायात ठप हो जाता है। डीजल इंजन में बड़ी मात्रा में ईंधन होने के कारण विस्फोट के बाद भीषण आग लग जाती है।



महाकाल श्रृंगार



शुक्रवार को रजत चंद्र-त्रिशूल और मुकुट से सजे बाबा महाकाल

अपनेतक

देवास एसपी गेहलोद ने खूद की आहुति देकर उठा दिया पर्दा

देवास में जहरीली शराब से हुई मौतों का मामला उलझ रहा था। ऐसे में मानवीय संवेदनाओं से भरे हुए एसपी पुनीत गेहलोद ने खुद की आहुति देकर इस पूरे मामले से पर्दा उठाने में देर नहीं की। उन्होंने गलतियों को दोहराने की बजाय सही किया । इसकी अपेक्षा प्रशासनिक स्तर पर एक के बाद एक झूठ से मामला बराबर उलझ रहा था। यहां तक की प्रशासनिक दबाव में चिकित्सा विभाग पोस्टमार्टम की प्रारंभिक स्थिति और संभावनाओ को भी छुपाने में लग गया था। पर्दा उठते ही कालांतर में कलेक्टर रहकर और अब मुख्य सचिव के पद से एक बार फिर से अशोक वर्णवाल ने क्लीनिंग किया है।

देवास जिला मुख्यालय से चंद किलोमीटर दूर चंदाना ग्राम पंचायत के ग्राम चंदाना एवं बिंजाना में अक्टूबर माह के प्रारंभिक सप्ताह से होने वाली जवान मौते शंका की स्थिति में हैं। इनमें से कुछ की आंखों की रोशनी प्रभावित हुई हैं तो कुछ अन्य तरीके से । 15 एवं 18 अक्टूबर को दो जवान मौतों के मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए पोस्टमार्टम करवाया था। परिजनों ने शराब पर इसमें शंका जताई थी। इसके बाद भी प्रशासनिक एवं आबकारी अधिकारी इस बात को सिरे से नकारते रहे और मामला तूल पकडता गया। इसी के चलते मामला इतना बढ गया अन्यथा प्रारंभिक सूचना पर ही इसे मान लिया जाता तो अन्य लोगो को भी प्रभावित होने से रोका जा सकता था।

प्रशासनिक एवं पुलिस क्षेत्र के विश्लेषक एवं सूत्रों का कहना है कि ऐसे मामलों में अमूमन शार्ट पीएम रिपोर्ट एवं संभावनाओं से चिकित्सक अवगत करवा देते हैं लेकिन इस मामले में बिसरा जांच के लिए दे दिया गया था। इस बीच प्रशासनिक स्तर पर पूरे मामले को दबाने के लिए कवायद शुरू हो जाती है। प्रशासनिक अधिकारी पूरे मामले का झूठलाने के लिए पूरे तंत्र का उपयोग करते हैं। यहां तक की मामले को भ्रामक,असत्य एवं अफवाह करार दिया जाता है और मौतों को प्राकृतिक बताया जाता है। चंदाना एवं बिंजाना में हुई मौतों के मामले में प्रशासनिक स्तर पर सिरे से ही इसे भ्रामक करार दे दिया गया था। चिकित्सा विभाग के जिम्मेदार पोस्टमार्टम की शार्ट पीएम रिपोर्ट एवं संभावनाओं को भी छुपाते रहे। मामले को भ्रामक करार देने के लिए प्रशासन के पक्ष में जनसंपर्क विभाग ने बगैर पडताल के ही मौतों पर दावा और सच का बगैर आधार समाचार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से बनाया और इस पर प्रदर्शन को बहुप्रसारित कर आपराधियों को सिरे से ही संरक्षण देने जैसा काम किया। आबकारी विभाग पूरे मामले में मात्र दर्शक बन कर हालातों के आधार पर ठेकेदारों के बीच बैठे विभिषणों को भी पहचानने की बजाय प्रशासनिक स्तर के झूठ को वायरल करने में लगा रहा।

विश्लेषक सूत्रों का कहना है कि चंदाना एवं बिंजाना में जहरीली शराब के मामले को लेकर पुलिस का बडा फेलिवर असूचना संकलन का इसमें रहा । इसके बावजूद एसपी पुनीत गेहलोद ने दोनों मर्ग मामले में आंशिक स्तर पर सामने आई सच्चाई को भी तत्काल ही परख लिया । उन्होंने अपनी पुलिस को तत्काल ही पुरे मामले से पर्दा उठाने के लिए निर्देश दिए । इसी के चलते रविवार रात को 10 अवैध शराब विक्रेता तत्काल उठाए गए। प्रारंभिक स्तर पर हुई गलती को ढकने की बजाय पुलिस ने पूरे मामले से पर्दा उठाया। ये बात अलग है कि इसमें मानवीय संवेदनाओं से भरपूर एवं उजार्वान अधिकारी पुनीत गेहलोद को अपने पद की आहुति देना पडी।

चंदाना मामले की उलझन से संभाग से पहुंची जानकारी के बाद मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल पूरी तरह अपने स्तर पर जानकारी ले रहे थे। संभागायुक्त आशीषसिंह भी देवास कलेक्टर रह चुके हैं और मुख्य सचिव ढाई दशक पूर्व देवास कलेक्टर रहे हैं। दोनों के ही व्यक्तिगत परिचय चंदाना ही नहीं देवास के हर क्षेत्र में आज भी हैं। मुख्य सचिव श्री वर्णवाल कालांतर में करीब 25 वर्ष पूर्व देवास कलेक्टर रहे तब भी उन्होंने एक बडे मसले पर क्लीनिंग की थी। बडा आंदोलन खडा किया गया था।

होशियार,नो पार्किंग में वाहन खडा किया तो उठाना पडेगी परेशानी

उज्जैन पुलिस ने छेडा सुगम यातायात अभियान, चौधरी अबकी बार यातायात डीएसपी बनकर आए

नो पार्किंग में खडे 49 वाहन क्रेन से हटाए गए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सडकों पर इधर उधर जहां तहां वाहन खडे करने वाले चालक होशियार हो जाएं ,अन्यथा अब नो पार्किंग में वाहन खडा करने पर उन्हें परेशानी उठाना पड सकती है। उज्जैन पुलिस ने सुगम यातायात के लिए अभियान छेड दिया है। शहर में सुव्यवस्थित यातायात के लिए पूर्व से पहचान रखने वाले अधिकारी उमाकांत चौधरी इस बार डीएसपी यातायात के रूप में यहां पदस्थ किए जा चुके हैं। ऐसा न हो कि फिर उन्हें सख्ती का रूख अपनाना पडे।

उज्जैन शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से उज्जैन यातायात पुलिस द्वारा नो पार्किंग में वाहन खड़े कर यातायात बाधित करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। बुधवार को इसके तहत उप पुलिस अधीक्षक उमाकांत चौधरी के नेतृत्व में यातायात पुलिस की टीम द्वारा निजातपुरा से कंठाल चौराहा होते हुए नई सड़क तक नो पार्किंग में खड़े दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। इस दौरान निरीक्षक राकेश तिवारी, निरीक्षक सुदर्शन खरे एवं



निरीक्षक सीमा मौर्य सहित यातायात पुलिस की टीम द्वारा कार्रवाई को अंजाम दिया गया। कार्रवाई के दौरान कुल 49 वाहनों को क्रेन की सहायता से हटाया गया तथा टोइंग शुल्क वसूल किया गया।

उज्जैन यातायात पुलिस द्वारा स्पष्ट किया गया है कि शहर में यातायात बाधित करने वाले नो पार्किंग में खड़े वाहनों के विरुद्ध यह कार्रवाई प्रतिदिन जारी रहेगी। शहर के ऐसे सभी मार्गों पर, जहां नो पार्किंग में वाहन खड़े किए जाने से यातायात प्रभावित होता है, क्रेन की सहायता से वाहनों को हटाने की कार्रवाई लगातार की जाएगी। उज्जैन पुलिस ने वाहन चालकों से अपील कि है कि वे नो पार्किंग क्षेत्र में अपने वाहन खड़े न करें तथा निर्धारित पार्किंग स्थलों का ही उपयोग करें। यातायात नियमों का पालन करें और सड़क पर वाहन खड़ा कर अन्य नागरिकों के आवागमन में बाधा उत्पन्न न करें।बुधवार से शुरू हुई कार्रवाई को लेकर वाहन चालकों का कहना है कि न तो चौडीकरण मार्गों के साथ ही अन्य क्षेत्रों में नो पार्किंग के बोर्ड भी नहीं लगे हैं। खरीददारी के लिए जाने पर दुकानदारों की दुकानों के सामने वाहन खडे करने में भी कंठाल से छत्रीचौक वाले मार्ग पर अब भी वाहन खडे करने की समस्या है।

अधिकांश समस्या वाहनों के बेतरतीब खडे रहने से-

शहर के विभिन्न मार्गों का चौड़ीकरण किए जाने के बावजूद नो पार्किंग क्षेत्रों में वाहनों के खड़े होने से यातायात प्रभावित हो रहा था, जिससे आम नागरिकों एवं वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए यातायात पुलिस द्वारा क्रेन की सहायता से नो पार्किंग में खड़े वाहनों को सड़क से हटाया गया तथा संबंधित वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई।

लिखित आश्वासन देकर भूले निगम अफसर, वार्ड 4 की एससी-एसटी बस्ती में बदहाली

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नगर निगम अधिकारियों के लिखित आश्वासन के बावजूद वार्ड क्रमांक 4 स्थित एससी-एसटी बस्ती के रहवासी आज भी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। पूर्व में चक्काजाम कर विरोध जताने वाले रहवासियों को अधिकारियों ने जल्द समाधान का भरोसा दिया था, लेकिन हफ्तों बीत जाने के बाद भी धरातल पर कोई काम शुरू नहीं हुआ है।

रहवासियों के उग्र प्रदर्शन के दौरान निगमायुक्त संतोष टैगोर, उपायुक्त पवन सिंह और निगम अधिकारी सुनील जैन ने समस्याओं के शीघ्र निराकरण का लिखित आश्वासन दिया था। इसी भरोसे पर लोगों ने अपना धरना समाप्त किया था। विडंबना यह है कि इसके बाद से अब तक न तो कोई अधिकारी क्षेत्र की सुध लेने पहुंचा और न ही स्थानीय पार्षद ने जनता की तकलीफें जानीं।

वर्तमान में बस्ती की हालत यह है कि कई जगह सड़कें खुदी पड़ी हैं। नालियों का निर्माण नहीं होने और नियमित सफाई कर्मचारियों के नहीं आने से क्षेत्र की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। जनता बुनियादी सुविधाओं के अभाव में परेशान है और जिम्मेदार आंखें मूंदे बैठे हैं।

अधिकारियों की इस वादाखिलाफी और बेरुखी से रहवासियों में भारी आक्रोश है। लोगों की मांग है कि नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी तत्काल बस्ती का निरीक्षण कर खुदी सड़कों, नालियों और ठप पड़ी सफाई व्यवस्था को दुरुस्त कराएं ताकि उन्हें इस परेशानी से निजात मिल सके।

79वें निरंकारी संत समागम में 126 नवयुगल परिणय सूत्र में बंधे

सुदीक्षा महाराज ने दिया आशीर्वाद, सामूहिक शादियां' में सात समुंदर पार से भी पहुंचे जोड़े

विवाह कार्यक्रम की शुरूआत पारंपरिक जयमाला और निरंकारी सांझा-हार से हुई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

79वें निरंकारी संत समागम के समापन के बाद समालखा में आयोजित सामूहिक सादा विवाह समारोह में 126 नवयुगल परिणय सूत्र में बंध गए। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज और निरंकारी राजपिता रमित जी की मौजूदगी में हुए इस सादे समारोह में नवयुगलों ने सादगी और आध्यात्मिकता के बीच अपने दांपत्य जीवन की शुरूआत की।

विवाह कार्यक्रम की शुरूआत पारंपरिक जयमाला और निरंकारी सांझा-हार से हुई। मिशन की प्रधान राजकुमारी जी एवं अन्य कार्यकारिणी सदस्यों ने सभी जोड़ों को हार पहनाकर उनके सुखमय जीवन की मंगलकामना की। इसके बाद हिंदी में भक्तिमय निरंकारी लावों का गायन हुआ, जिसमें गृहस्थ जीवन की शिक्षाएं समाहित थीं। अंत में सतगुरु माता जी और राजपिता जी ने जोड़ों पर पुष्प वर्षा कर उन्हें सुखी और आनंदमय जीवन का आशीर्वाद दिया। खास बात यह रही कि स्वयं सतगुरु माता जी के परिवार के एक सदस्य का विवाह भी इसी सामूहिक समारोह में संपन्न हुआ।



नवविवाहित जोड़ों को संबोधित करते हुए सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने कहा कि सामूहिक विवाह केवल एक आयोजन तक सीमित न रहकर जीवन जीने का ढंग बनना चाहिए। पति-पत्नी एक-दूसरे की जिम्मेदारियों को समान रूप से निभाते हुए दो पंखों की तरह जीवन की हर परिस्थिति का सामना करें। उन्होंने सेवा, सुमिरन और सत्संग के मार्ग पर परस्पर सहयोग का महत्व बताते हुए कहा कि दांपत्य रिश्ते को प्रेम, आदर, क्षमा और विनम्रता से सुदृढ़ बनाया जा सकता है।

संत निरंकारी मंडल के सचिव जोगिन्दर सुखीजा ने बताया कि समाज कल्याण विभाग के सहयोग से हुए इस समारोह में देश-विदेश के नवयुगलों ने हिस्सा लिया। इनमें मध्य प्रदेश, दिल्ली, गुजरात, राजस्थान, पंजाब, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर सहित 16 राज्यों के अलावा ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और कनाडा से आए नवयुगल शामिल रहे। विविधताओं के बीच इन 126 जोड़ों का एक साथ विवाह बंधन में बंधना समानता और वैश्विक भाईचारे की अनूठी मिसाल बना।

भाव प्रबोध संस्था ने किया राष्ट्रपति से सम्मानित रंगकर्मी दवे का सम्मान

कुलगुरु डॉ. मिश्र बोले भाव ही विचारों को समाज तक ले जाने का सेतु हैं



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

भाव प्रबोध संस्था द्वारा राष्ट्रपति से संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित प्रख्यात रंगकर्मी सतीश दवे का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि महर्षि पाणिनी संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. शिवशंकर मिश्र ने कहा कि जब हृदय में भाव जाग्रत होता है तभी करुणा का जन्म होता है और यही करुणा अंततः सम्पूर्ण मानवता के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करती है। शास्त्र कहता है कि क्रिया की सिद्धि संकल्प से होती है और वह संकल्प दृढ़ता से ही सिद्ध होता है। भाव ही वह सेतु है जो हमारे विचारों को समाज तक ले जाकर उन्हें आचरण में बदलता है।

सारस्वत अतिथि आचार्य प्रो. शैलेन्द्र पाराशर ने कहा कि जिस हृदय में संवेदना जीवित होती है उसे पर-पीड़ा की आहट दूर से ही सुनाई दे जाती है। विचार और भाव ही मानव जीवन के दो महत्वपूर्ण आधार स्तंभ हैं। आज हम ऐसे निर्णायक युग में खड़े हैं जहां सृजन और विध्वंस दोनों की डोर हमारे हाथों में है। अध्यक्षता करते हुए सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय हिंदी अध्ययनशाला की पूर्व अध्यक्ष आचार्य डॉ. प्रेमलता चुटैल ने कहा कि शब्दों के भाव और उसके प्रबोध को उचित समय व स्थान पर व्यक्त करना ही सच्चे अर्थों में जीवन है।

माधव कॉलेज के छात्रों ने थाने पहुंचकर जानी पुलिस की कार्यप्रणाली

जन सुरक्षा युवा सृजन संवाद के तहत हुआ शैक्षणिक भ्रमण, अधिकारियों ने दिए सुरक्षा व कानून के टिप्स

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय माधव महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस स्वयंसेवकों ने जन सुरक्षा युवा सृजन संवाद पहल के तहत 28 अक्टूबर को नागझिरी पुलिस थाने का शैक्षणिक भ्रमण किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आलोक शर्मा और प्राचार्य डॉ. कल्पना वीरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस भ्रमण में विद्यार्थियों को पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली और नागरिक अधिकारों से अवगत कराया गया।

भ्रमण के दौरान आईपीएस अधिकारी मनस्वी शर्मा ने विद्यार्थियों को कानून का पालन करने, सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करने



तथा महिला व बाल सुरक्षा के प्रति संवेदनशील रहने का मार्गदर्शन दिया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आलोक शर्मा ने जनसुरक्षा से जुड़े दस प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा करते हुए साइबर अपराधों से बचाव, यातायात नियमों, नशामुक्ति, आपातकालीन हेल्पलाइन 112 और अपराधों की रोकथाम में युवाओं की सक्रिय भूमिका पर प्रकाश डाला। नागझिरी थाना प्रभारी कमल निघवाल के मार्गदर्शन में सउनि लाखन सिंह ने विद्यार्थियों को आवश्यक जानकारी प्रदान की तथा प्रधान आरक्षक जयराम चौहान ने संपूर्ण थाने का भ्रमण करवाया। इस दौरान विद्यार्थियों ने महिला डेस्क, एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया, आपातकालीन परिस्थितियों में पुलिस सहायता और बंदीगृह की व्यवस्था को करीब से समझा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी राधेश्याम भगवानदास भील, कार्यक्रम अधिकारी रायसिंह सोलंकी, लोक प्रशासन विभाग के अतिथि विद्वान डॉ. संदीप लांडे, एमएसडब्ल्यू विभाग के डॉ. मोहित पांचाल तथा रेडक्रॉस सोसाइटी प्रभारी व अर्थशास्त्र विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. ममता पवार उपस्थित रहे।

अलखधाम नगर में 1 नवंबर को मनेगा संत कंवर राम का शहीदी दिवस

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अखंड भारत के प्रसिद्ध संत और हिंद रक्षक संत कंवर राम जी का शहीदी दिवस 1 नवंबर रविवार को मनाया जाएगा। स्मरण समिति द्वारा मुख्य आयोजन अलखधाम नगर स्थित संत जी के प्रतिमा स्थल पर सुबह 9.30 बजे होगा।

समिति के प्रमुख सुनील नवलानी ने बताया कि इस प्रतिमा का अनावरण दो वर्ष पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया था। शहीदी दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में समाज के सभी गणमान्य नागरिक मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। आयोजन को सफल बनाने की अपील सुनील माखीजा, अशोक बजाज और किशोर बजाज आदि ने की है।

बुधादित्य योग में गज पर सवार होकर आएंगी माता महालक्ष्मी, व्यापार और किसानों के लिए शुभ संकेत



8 नवंबर को मनेगा दीपावली महापर्व, उज्जैन में शाम 6 बजकर 11 मिनट से शुरू होगा स्थिर लग्न

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

महानिशा, महालक्ष्मी आराधना एवं आत्मज्योति का महापर्व दीपावली इस वर्ष 8 नवंबर रविवार को मनाया जाएगा। इस दिन बुधादित्य योग के साथ ही माता महालक्ष्मी गज वाहन पर सवार होकर आएंगी। श्री मातंगी ज्योतिष केंद्र के ज्योतिर्विद पं. अजय कृष्ण शंकर व्यास के अनुसार दीपावली का रविवार को पड़ना और माता का गज वाहन पर आना व्यापार, व्यवसाय और किसानों के लिए शुभ संकेत है।

पं. अजय व्यास ने बताया कि बुधादित्य योग संतुलन, आत्मबल, नेतृत्व, प्रतिष्ठा और प्रशासन का प्रतीक है। बुध को बुद्धि, वाणी, गणना, व्यापार, संवाद और न्याय का कारक माना जाता है। रविवार और गज वाहन का यह संयोग समृद्धि, तेज और जनकल्याण का कारक बनेगा। उज्जैन में लक्ष्मी-गणेश पूजन के लिए शाम 6:11 से रात 8:09 बजे तक वृषभ स्थिर लग्न का शुभ मुहूर्त रहेगा। प्रदोष काल शाम 5:45 से रात 8:19 बजे तक और महानिशीथ काल रात 1:25 से 3:25 बजे तक रहेगा। यह महानिशा शाक्त परंपराओं में महालक्ष्मी एवं शक्ति उपासना, मंत्र-जप और ध्यान के लिए विशेष मानी जाती है। पं. अजय व्यास के अनुसार चौघड़िया में सुबह 10:42 से दोपहर 12:04 बजे तक अमृत का शुभ मुहूर्त रहेगा। यह समय नए अस्पताल, क्लिनिक, मेडिकल स्टोर, डायग्नोस्टिक सेंटर, स्वास्थ्य विभाग के सरकारी कार्यालय के उद्घाटन और नई नौकरी या पदभार ग्रहण करने के लिए विशेष फलदायी है। इस दिन स्वाति नक्षत्र का भी प्रभाव रहेगा जो स्वतंत्रता, गति और विस्तार का प्रतीक है। लक्ष्मी-गणेश के साथ सरस्वती पूजन ज्ञान, विवेक और समृद्धि के संतुलन का संदेश देता है।

महाकाल शयन आरती भक्त परिवार ने लगातार दूसरे वर्ष किया आयोजन

करवा चौथ पर चौथ माता मंदिर में गूंजे भजन



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

महाकाल मंदिर परिसर स्थित चौथ माता मंदिर में करवा चौथ के अवसर पर महाकाल शयन आरती भक्त परिवार की ओर से दर्शन और भजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लगातार दूसरे वर्ष आयोजित इस कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने दर्शन लाभ लेने के साथ ही भजनों का आनंद लिया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि शामिल हुईं डिप्टी कलेक्टर सिम्मी यादव ने सभी का स्वागत किया।

कार्यक्रम का संचालन महेंद्र कटियार ने किया। इस अवसर पर भजन गायक सुनील गंगवार, शैलेंद्र दुबे, उषा परमार, सुशीला डांगरे, ललित गहलोत, सुनीता बैस, कामिनी कौशल, शिरोमणि राय, श्याम माहेश्वरी, राजेश्वरी मीणा, बबली मिश्रा, उर्मिला ठाकुर, नवीन ढोलक वाले और बुंदेला मैडम ने भजनों की सुंदर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में महाकाल थाना प्रभारी बादल और मनीष यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे।

उज्जैन
शुक्रवार
30
अक्टूबर, 2026

दैनिक
ब्रह्मास्त्र

सत्यमेव व्रतं यस्य दया दीनेषु सर्वदा।
कामक्रोधौ वशे यस्य स साधुः कथ्यते बुधैः॥
अर्थः 'केवल सत्य' ऐसा जिसका व्रत है, जो सदा दीन की सेवा करता है, काम-क्रोध जिसके वश में है, उसी को ज्ञानी लोग 'साधु' कहते हैं।

खबर एक नजर...

भोजशाला मामले में सभी पक्ष 4 हफ्ते में पेश करें दस्तावेजः सुप्रीम कोर्ट

इंदौर। भोजशाला प्रकरण से जुड़े मामलों की सुनवाई गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में हुई। न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा की पीठ ने सभी पक्षों को दस्तावेज पेश करने के लिए 4 हफ्ते का समय दिया है। साथ ही हाई कोर्ट का रिकॉर्ड सभी पक्षों को उपलब्ध कराने की बात कही गई है। हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस के प्रदेश उपाध्यक्ष आशीष गोयल के अनुसार, संगठन की ओर से सुप्रीम कोर्ट में चल रहे चार प्रकरणों की सुनवाई में अधिवक्ता हरिशंकर जैन, रंजना अग्निहोत्री, विष्णु शंकर जैन, विनय जोशी, रोहित शुक्ला और देवेंद्र नागर के साथ वे भी उपस्थित रहे। गोयल ने कहा कि भोजशाला में मां वाग्देवी की प्रतिमा स्थापना के संकल्प के साथ संगठन का न्यायिक संघर्ष जारी रहेगा।

इंदौर के मारोठिया बाजार की तीन मंजिला दुकान में आग

इंदौर। मारोठिया बाजार में गुरुवार देर रात पूजन और किराना सामग्री की तीन मंजिला दुकान में आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि लपटें दूसरी मंजिल तक पहुंच गईं। सूचना पर दमकल की टीमें और सराफा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। दमकलकर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। फायर ब्रिगेड के अनुसार, रात करीब 1 बजे मारोठिया बाजार स्थित राम गोपाल कन्हैयालाल नाम की दुकान में आग लगने की सूचना मिली थी। दुकान बंटी शर्मा की बताई जा रही है। आसपास के लोगों ने दुकान की ऊपरी मंजिलों से धुआं और आग की लपटें उठती देख पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी। आग लगने के समय दुकान में आगामी त्योहारों के लिए बड़ी मात्रा में पूजन सामग्री और किराना सामान रखा हुआ था। अधिकारियों के मुताबिक, आग लगने का प्रारंभिक कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। हालांकि, वास्तविक कारण की जांच की जा रही है। मारोठिया बाजार घना और संकरा व्यापारिक क्षेत्र है। यहां दुकानें एक-दूसरे से सटी हुई हैं। ऐसे में आग आसपास की दुकानों तक फैलने का खतरा था। दमकलकर्मियों ने समय रहते आग पर काबू पाकर दूसरी दुकानों को चपेट में आने से बचा लिया। फिलहाल आग से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

टीआई ने थाने बुलाकर 50 बदमाशों की क्लास लगाई

इंदौर। एरोड्रम थाने के टीआई ने करीब 50 बदमाशों की थाने में क्लास लगा दी। मंगलवार को इलाके में कारों के साथ तोड़फोड़ की गई थी। इसके बाद बुधवार को टीआई मनोज सेंधव ने एरोड्रम इलाके के करीब 50 बदमाशों को थाने बुलवाया था। यहां उन्हें सख्त हिदायत दी गई कि वे किसी भी तरह का अपराध न करें। टीआई ने कहा कि अगर अपराध किया तो ठीक नहीं होगा। खातिरदारी के साथ जेल भेजा जाएगा। साथ ही जिलाबदर और रासुका के तहत भी कार्रवाई की जाएगी। टीआई मनोज सेंधव ने बताया कि उन्होंने दो दिन पहले ही एरोड्रम थाने का प्रभार संभाला है। इसी बीच उन्हें जानकारी मिली कि पल्हर नगर में बदमाशों ने तीन कारों के कांच फोड़ दिए हैं। इस मामले में आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया। टीआई ने बताया कि अभी उन्होंने इलाके का ठीक से भ्रमण नहीं किया था। ऐसे में वे क्षेत्र के बदमाशों को पूरी तरह पहचानते भी नहीं थे। इसलिए वसूली, मारपीट और तोड़फोड़ जैसे अपराधों में शामिल रहे बदमाशों को थाने बुलवाया गया। यहां उनकी पहचान कराई गई और डोजियर भरवाए गए। दो दिन पहले पल्हर नगर में नशे में धुत बदमाशों ने सोना-चांदी व्यापारी और गैरेज संचालक की तीन कारों में तोड़फोड़ की थी। मामले में पुलिस ने आदर्श चौबे और पीयूष बोरासे को गिरफ्तार किया था। दोनों आरोपियों को बुधवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक, दोनों नशे के आदी हैं और उनका पुराना आपराधिक रिकॉर्ड भी है।

इंदौर में 11 साल की बच्ची से छेड़छाड़ का आरोप

इंदौर। लिंबोदी इलाके में 11 साल की बच्ची से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। बच्ची की मां की शिकायत पर तेजाजी नगर पुलिस ने मनोज निवासी शिव पार्वती नगर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। आधार कार्ड के मुताबिक, मनोज की उम्र 17 साल 10 महीने है। आरोप है कि काम के सिलसिले में घर आने-जाने के दौरान बच्ची को देखकर अश्लील हरकतें करता था। बच्ची ने बात अपनी मां को बताई, जिसके बाद मां उसे लेकर थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। पीड़िता की मां ने बताया कि उनका कपड़ों के साथ शेयर कमोडिटी का काम है। उन्होंने मनोज को करीब डेढ़ साल पहले काम पर रखा था। दुकान के साथ घर से भी कपड़ों का व्यापार होता है, इसलिए मनोज का घर आना-जाना था। मां के मुताबिक, काम के दौरान मनोज उनकी बेटी पर बुरी नीयत रखने लगा। उसने एक-दो बार बच्ची से कहा कि वह उसे पसंद करता है। बच्ची ने उसे मना कर दिया, लेकिन इसके बाद भी उसकी हरकतें नहीं रुकीं। आरोप है कि उसने कई बार बच्ची को अश्लील इशारे किए। परेशान होकर बच्ची ने अपनी मां को इसकी जानकारी दी।

सिक्योरिटी गार्ड टेंडर में घोटाले का आरोप, कांग्रेस अध्यक्ष बोले-12 साल से एक ही एजेंसी पर मेहरबानी

इंदौर में ठेका 28 लाख का, भुगतान 6 करोड़ रुपये पार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर नगर निगम में सिक्योरिटी गार्ड की नियुक्ति के ठेके को लेकर कांग्रेस ने घोटाले का आरोप लगाया है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने दावा किया कि साल 2014 में प्राणी संग्रहालय के लिए एक साल का ठेका दिया गया था, लेकिन उसी एजेंसी से करीब 12 साल तक निगम के विभिन्न विभागों, जोनल कार्यालयों और अन्य स्थानों पर सिक्योरिटी गार्ड की सेवाएं ली जाती रहीं।

चौकसे ने दस्तावेजों के आधार पर सवाल उठाया कि सीमित अवधि और निर्धारित काम के लिए हुए एग्रीमेंट के आधार पर इतने लंबे समय तक पूरे निगम में सेवाएं कैसे ली जाती रहीं। उन्होंने मामले में निगम अधिकारियों की भूमिका की जांच कराने और लोकायुक्त में शिकायत करने की बात कही है।

चौकसे ने आरोप लगाया कि साल 2014 में नगर निगम ने टेंडर जारी कर सुरक्षा गार्ड, गनमैन और सुपरवाइजर उपलब्ध कराने के लिए इंदौर की आशापुरी सिक्योरिटी सर्विस को एक साल का ठेका दिया था। एजेंसी के संचालक देवेंद्र सिंह चौहान हैं। ठेके की अवधि पूरी होने के बाद भी एजेंसी से काम लिया जाता रहा।

साल 2016 में जिंसी स्थित निगम की टकसाल वर्कशॉप की सुरक्षा के लिए भी तत्कालीन आयुक्त की स्वीकृति के आधार पर इसी एजेंसी से मैनपावर लेने का निर्णय लिया गया। कांग्रेस का आरोप है कि इसी व्यवस्था को आगे बढ़ाते हुए साल 2026 तक एजेंसी से सेवाएं ली गईं और भुगतान किया गया। चौकसे ने इस मामले में निगम के कई अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल उठाए।

एग्रीमेंट में प्राणी संग्रहालय का उल्लेख, नए टेंडर पर सवाल- चौकसे ने बताया कि महापौर परिषद के संकल्प क्रमांक 274, दिनांक 13 अगस्त 2014 के तहत सुरक्षा गार्ड, गनमैन और सुपरवाइजर की सेवाएं लेने की मंजूरी दी गई थी। इसके बाद 25 अगस्त 2016 को एजेंसी के साथ एग्रीमेंट किया गया।

उन्होंने एग्रीमेंट की शर्त क्रमांक 39 का हवाला देते हुए कहा कि टेंडर की वैधता 180 दिन निर्धारित थी। ऐसे में सवाल है कि निर्धारित अवधि वाले टेंडर के आधार पर एजेंसी को इतने सालों तक काम कैसे मिलता रहा।

कांग्रेस ने इस पूरे मामले में नए सिरे से टेंडर प्रक्रिया नहीं अपनाए जाने पर भी सवाल उठाए हैं। चौकसे ने निगम अधिकारियों की भूमिका की जांच कराने की मांग की है। साथ ही मामले की शिकायत लोकायुक्त में करने की बात कही है।



6 करोड़ से ज्यादा भुगतान पर उठाए सवाल

चौकसे के मुताबिक, साल 2016 से 2026 के बीच एजेंसी को 6 करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान किया गया। उन्होंने दावा किया कि मूल काम और निर्धारित अवधि के हिसाब से एजेंसी को देय राशि करीब 28.35 लाख रुपए ही बनती थी।
कांग्रेस अध्यक्ष ने सवाल उठाया कि यदि ठेका प्राणी संग्रहालय के लिए था, तो उसके आधार पर निगम के दूसरे विभागों, जोनल कार्यालयों और विभिन्न आयोजनों के लिए भी मैनपावर लेने की व्यवस्था कैसे लागू रही।

पिता की मौत के बाद मिली थी अनुकंपा नियुक्ति, पार्षद से हुआ था विवाद

रिश्वत लेते पकड़े गए उपयंत्री को हटाएगा नगर निगम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

नगर निगम के जोन 13 में पदस्थ उपयंत्री हर्ष गहलोत को लोकायुक्त पुलिस द्वारा 5 हजार रुपए की रिश्वत लेते पकड़े जाने के बाद अब निगम प्रशासन उस पर विभागीय कार्यवाही की तैयारी कर रहा है। अधिकारियों के स्तर पर उसे फील्ड से हटाने का निर्णय जल्द लिया जा सकता है।

लोकायुक्त ने बुधवार को कार्रवाई की थी। हर्ष ने टैंकर के बिल का भुगतान कराने के लिए लॉग बुक का सत्यापन करने के एवज में रिश्वत मांगी थी। लोकायुक्त पुलिस ने उसके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। हर्ष कुछ समय पहले ही ट्रांसफर करवाकर जोन 13 में आया था।

6 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी- लोकायुक्त पुलिस के अनुसार, नायता मुंडला निवासी सोहेल पटेल पेटी कॉन्ट्रैक्टर के रूप में काम करता है। उसने टैंकर के बिल के भुगतान के लिए लॉग बुक के सत्यापन को लेकर जोन कार्यालय में संपर्क किया था। इस काम के एवज में उपयंत्री हर्ष गहलोत ने उससे 6 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। बाद में दोनों के बीच 5 हजार रुपए में सौदा तय हुआ। बुधवार को रिश्वत की राशि लेते ही लोकायुक्त पुलिस ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया।

पिता की मौत के बाद मिली थी अनुकंपा नियुक्ति- बताया जाता है कि हर्ष को पिता की मौत के बाद नगर निगम में अनुकंपा नियुक्ति मिली थी। कमिश्नर के आदेश के बाद उसे उपयंत्री के पद पर पदस्थ किया गया था। वह जोन 13 में सहायक यंत्री प्रदीप के अधीन काम कर रहा था।



वार्ड 75 में पार्षद से विवाद के बाद हुआ था ट्रांसफर

हर्ष की पहले पदस्थापना वार्ड 75 में थी। यहां एक पार्षद से उसका विवाद हो गया था। इसके बाद उसका ट्रांसफर वार्ड 74 के अंतर्गत आने वाले जोन 13 में कर दिया गया था। शिकायतकर्ता सोहेल पटेल अपने टैंकरों के भुगतान के लिए लॉग बुक का सत्यापन कराने लंबे समय से जोन कार्यालय के चक्कर लगा रहा था।

पार्षद के घर में घुसकर पति पर हमला, तोड़फोड़

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

ऊषागंज स्थित गीतांजलि अपार्टमेंट में प्रॉपर्टी कारोबारी और पार्षद पति सुमित तलरेजा के साथ मारपीट, तोड़फोड़ और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। सुमित की शिकायत पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, दूसरे पक्ष ने भी सुमित पर पिस्टल दिखाकर डराने का आरोप लगाया है।

पुलिस के मुताबिक सुमित तलरेजा ने पत्नी पंखुड़ी तलरेजा के साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि 29 अक्टूबर को वे घर पर थे। इसी दौरान उनका पुराना परिचित प्रशांत करौसिया अपने साथी अंश, सुमित खरे और विशाल बौरासी के साथ वहां पहुंचा। आरोपी पुराने विवाद के समझौते की बात को लेकर गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि आरोपियों ने घर के बाहर लगा पार्षद का बोर्ड चाकू से फाड़ दिया और सुमित की ओर मारपीट करने के लिए दौड़े। बचने के लिए सुमित मल्टी की दूसरी मंजिल स्थित अपने फ्लैट में चले गए। इस दौरान आरोपियों ने दरवाजे पर लात मारी और गमले, गाड़ियां व कुर्सियां तोड़ दीं। उन्होंने सुमित पर गमला भी फेंका। साथ ही सुमित और उनकी पत्नी को जान से मारने की धमकी दी।

---

10 दिन की जांच में 51 अचल संपत्तियां सामने आईं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज में पदस्थ घूसखोर प्रधान आरक्षक (ड्राइवर) फिरोज खान और उससे जुड़े लोगों के नाम लोकायुक्त की 10 दिन चली जांच में अब तक करीब 51 अचल संपत्तियों का ब्योरा सामने आया है। दस्तावेजों के अनुसार, देवास, इंदौर व आसपास 18.2025 हेक्टेयर कृषि भूमि के 24 सौदे दर्ज हैं। इनका खरीद मूल्य 15.38 करोड़, जबकि बाजार मूल्य 52.96 करोड़ बताया गया है। कॉलोनियों, टाउनशिप में प्लॉट, मकान, व्यावसायिक भूखंड व फ्लैट सहित 28,588 वर्गफीट संपत्तियां मिली हैं।

खरीद मूल्य 4.56 करोड़ व बाजार मूल्य 30 करोड़ से अधिक है। कई कंपनियों में करोड़ों के ट्रांजेक्शन और निवेश के प्रमाण भी मिले हैं। बताते हैं, फिरोज अधिकांश समय ड्यूटी पर नहीं जाता था फिर भी अफसरों ने कार्रवाई नहीं की। इंदौर में लोकायुक्त की स्थापना के बाद से यह पहला मामला है, जिसमें तृतीय श्रेणी कर्मचारी के पास इतनी काली कमाई निकली हैं।

मनोरमा अपार्टमेंट इंदौर, योजना नंबर 94, वार्ड 37 में 4 फ्लैट। टॉप फ्लोर पर पेंटहाउस भी दर्ज है। श्रीदेवी अपार्टमेंट, श्रीनगर कॉलोनी मेन रोड : फ्लैट नंबर 55। बाजार मूल्य 25 लाख रुपए।

छापे में जब्त दस्तावेजों की जांच में बड़ी संख्या में जमीनों की जानकारी मिली है। साक्ष्यों को प्रभावित करने की आशंका के चलते आरोपी को गिरफ्तार भी किया जा सकता है। - डॉ. राजेश सहाय, एसपी, लोकायुक्त, इंदौर

काफ्का की किताब का हिंदी संस्करण होगा लॉन्च, साहित्य, दर्शन और सिनेमा पर मंथन

वाणी साहित्य उत्सव आजः फिराक गोरखपुरी के नाम मुशायरा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में वाणी साहित्य उत्सव में शुक्रवार को साहित्य, कविता, कहानी, अनुवाद, सिनेमा और दर्शन से जुड़े विविध आयोजन होंगे। सुबह कविता कुंभ और ओपन माइक से कार्यक्रमों की शुरूआत होगी। दिनभर अलग-अलग सत्रों में साहित्य के नवाचार, महिला रचनाकारों की कहानियों, बुद्ध के विचारों और कहानीकारों की रचनात्मकता पर चर्चा होगी। शाम को फिराक गोरखपुरी को समर्पित मुशायरा और पुस्तक लोकार्पण भी होगा।

काफ्का की द ट्रायल का हिंदी अनुवाद होगा लोकार्पित- सुबह 9 से 11 बजे तक वाणी कविता कुंभ और मुशायरा ओपन माइक आयोजित होगा। इसका संचालन प्रतीक शर्मा करेंगे। सुबह 11 से 12 बजे तक ज्ञान के नवोन्मेष का वाणी साहित्य सत्र में शम्भूनाथ, गरिमा श्रीवास्तव और राधावल्लभ त्रिपाठी से बातचीत होगी। इसी सत्र में गरिमा श्रीवास्तव द्वारा हिंदी में अनूदित फ्रांज काफ्का की कालजयी पुस्तक द ट्रायल का लोकार्पण विकास दवे करेंगे। सत्र का संचालन प्रियंका दुबे करेंगी। दोपहर 12 से 1 बजे तक वाणी त्रिपाठी टिक्कू बच्चों के लिए कहानी कार्यशाला बच्चों का मौजघर आयोजित करेंगी।

दोपहर 2 से 3 बजे तक सत्र में मोनिशा आडवाणी और मधु भोजवानी महिला रचनाकारों और उनकी कहानियों पर बातचीत करेंगी। इसका संचालन वाणी त्रिपाठी टिक्कू करेंगी। दोपहर 3 से 4 बजे तक गुलमेंहदी की झाड़ियां सम्मोहक सरोवर में सत्र में तरुण भटनागर की कहानियों पर चर्चा होगी। इसमें उदय प्रकाश, विवेक चतुर्वेदी और तरुण भटनागर शामिल होंगे। संचालन हरि भटनागर करेंगे। शाम 4 से 5 बजे तक रामेश्वर राय के सत्र माट सा'ब की कक्षा का आयोजन होगा, जिसका संचालन अदिति माहेश्वरी करेंगी।



बुद्ध के विचारों पर संवाद, शाम को मुशायरा

शाम 5 से 6 बजे तक बुद्ध' : आध्यात्मिक घटना या दुर्घटना? सत्र में ओमा द अक, कृतिका देसाई से संवाद करेंगे। इसके बाद शाम 6 से 7 बजे तक शीन काफ निजाम की छाया में मुशायरा होगा, जो रघुपति सहाय फिराक गोरखपुरी को समर्पित रहेगा। इसमें माधव कौशिक, ओमा द अक, सतलज राहत इंदौरी और सुनील अटोलिया कालू शामिल होंगे।
शाम के कार्यक्रम में इश्क के सात पड़ाव पुस्तक का लोकार्पण भी होगा। इसमें प्रिया मालिक और अदिति माहेश्वरी शामिल होंगी। सत्र का संचालन सौम्या कुलश्रेष्ठ करेंगी।

इंदौर में 2 नवंबर से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय बैठक

डॉ. मोहन भागवत, दत्तात्रेय होसबाले होंगे शामिल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की वार्षिक बैठक 2 से 4 नवंबर तक इंदौर में होगी। इसमें संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले सहित सभी छह सह सरकार्यवाह और अखिल भारतीय स्तर के प्रमुख पदाधिकारी शामिल होंगे।

बैठक में संघ के शताब्दी वर्ष के दौरान देशभर में हुए कार्यक्रमों की समीक्षा के साथ मौजूदा सामाजिक और वैश्विक परिस्थितियों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होगी।

संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर की ओर से 22 अक्टूबर को जारी जानकारी के अनुसार, बैठक मालवा प्रांत के इंदौर में आयोजित की जाएगी। इसमें संघ की अखिल भारतीय कार्यकारिणी के सदस्यों के साथ देशभर के 46 प्रांतों और 11 क्षेत्रों के प्रमुख पदाधिकारी शामिल होंगे। आयोजन डेली कॉलेज मैदान में होगा।

शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों की होगी समीक्षा- संघ की ओर से पिछले एक साल से देशभर में शताब्दी वर्ष के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे थे। हाल ही में विजयादशमी उत्सव के साथ इन कार्यक्रमों की श्रृंखला पूरी हुई है। बैठक में शताब्दी वर्ष के दौरान हुए कार्यक्रमों की समीक्षा की जाएगी। इसके साथ ही विजयादशमी पर सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत के उद्बोधन में उठाए गए प्रमुख मुद्दों पर आगे की कार्ययोजना को लेकर भी चर्चा होगी।

नशे की समस्या और डिजिटल कंटेंट पर मंथन- बैठक में वर्तमान समय की सामाजिक चुनौतियों और महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक चर्चा प्रस्तावित है। इनमें नशीली दवाओं की बढ़ती समस्या, नए माध्यमों पर प्रसारित होने वाले कंटेंट, बाहरी शक्तियों का हस्तक्षेप और वैश्विक परिदृश्य जैसे मुद्दे शामिल हैं। इन विषयों पर चर्चा के जरिए संघ की आगामी गतिविधियों और कार्यदिशा से जुड़े पहलुओं पर विचार किया जाएगा।



देशभर के पदाधिकारी होंगे शामिल

बैठक में संघ के सभी छह सह सरकार्यवाह, अखिल भारतीय कार्य विभागों के प्रमुख और कार्यकारिणी के सदस्य मौजूद रहेंगे। इसके अलावा सभी 46 प्रांतों के प्रांत संघचालक, प्रांत कार्यवाह, प्रांत प्रचारक और उनके सह पदाधिकारी तथा संघ के सभी 11 क्षेत्रों के प्रमुख पदाधिकारी भी अपेक्षित हैं।
तीन दिवसीय बैठक में संघ के संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा के साथ सामाजिक और राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर विचार-विमर्श होगा।

टीही टनल में टावर वैगन का परीक्षण सफल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ पीथमपुर

इंदौर-धार रेल लाइन परियोजना के तहत पीथमपुर की करीब 3 किलोमीटर लंबी टीही टनल में रेलवे ने टावर वैगन का पहला सफल परीक्षण किया। इसके बाद इंदौर से धार के बीच ट्रेन सेवा जल्द शुरू होने की उम्मीद है।

नई रेल कनेक्टिविटी से पीथमपुर के औद्योगिक क्षेत्र और धार के व्यापारियों को माल ढुलाई में आसानी होगी। इससे व्यापारिक गतिविधियां दोगुनी होने का दावा किया गया है।

दैनिक यात्रियों, नौकरीपेशा लोगों और विद्यार्थियों को इंदौर-धार के बीच तेज, सुरक्षित और सस्ती यात्रा सुविधा मिलने की बात कही गई है। बेहतर रेल नेटवर्क से निवेश बढ़ने, स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार बनने और धार के ऐतिहासिक व पर्यटन स्थलों तक पहुंच आसान होने की उम्मीद है।

रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, टनल और ट्रैक के परीक्षण के बाद बाकी तकनीकी जांच और औपचारिक प्रक्रियाएं पूरी की जा रही हैं। काम योजना के अनुसार पूरा हुआ तो आगामी महीने में धार के लोगों को रेल सेवा मिल सकती है।

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री और धार-महू सांसद सावित्री ठाकुर ने इसे धार के लोगों के लिए सौगात बताया। उन्होंने कहा कि रेल सेवा शुरू होने से आदिवासी बहुल और औद्योगिक इलाके की प्रगति को बढ़ावा मिलेगा।

खबर एक नजर...

इंदौर से केमिकल लाकर उज्जैन में खपा रहे थे, 2 दिन में नकली जहरीले दूध-घी के 4 सौदागर गिरफ्तार

मंदसौर/शामगढ़। मंदसौर जिले में खाद्य सुरक्षा विभाग की सुस्ती के बीच पुलिस ने नकली दूध और घी बनाने वाले नेटवर्क पर बड़ा प्रहार किया है। दो दिनों के भीतर शामगढ़ और सुवासरा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों स्थानों से भारी मात्रा में मिलावटी सामग्री बरामद की गई है, जिसमें 91 कट्टे मिल्क पाउडर, 10 कट्टे यूरिया, पाम ऑयल, वनस्पति घी, लिक्विड सोप, प्रोसेसिंग मशीनें, गैस सिलेंडर और गाढ़ा मिक्सर शामिल हैं। शामगढ़ पुलिस ने डूंगरखेड़ी स्थित ठिकाने से फरार चल रहे सगे भाइयों कृष्णपाल सिंह और शिवराज सिंह को गिरफ्तार किया। आरोपी इंदौर से केमिकल व कच्चा माल लाकर अपने बाड़े में कृत्रिम दूध तैयार करते थे और इसे उज्जैन के घोसला क्षेत्र स्थित एक प्रसिद्ध मिल्क प्लांट में खपाते थे। पुलिस ने इस मामले में बीएनएस की गंभीर धाराओं के साथ गैर-इरादतन हत्या के प्रयास की धारा 110 के तहत प्रकरण दर्ज किया है। वहीं सुवासरा पुलिस ने खेजड़िया भूप में संचालित नकली दूध-घी की फैक्ट्री के मुख्य आरोपी पीरू सिंह और राम सिंह को गिरफ्तार किया, जो पिछले दो साल से गरोठ व आसपास के अंचल में जहरीला दूध सप्लाई कर रहे थे।

पिस्टल लेकर बैंक में घुसे 2 बदमाश, धमकाकर मांगा कैश

शिवपुरी। मध्यप्रदेश के शिवपुरी के एमएम चौराहा स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में 13 दिन के भीतर दूसरी बार वारदात की कोशिश हुई है। गुरुवार शाम करीब 7 बजे दो बदमाश पिस्टल लेकर बैंक में घुसे और कर्मचारियों को धमकाकर कैश मांगा। तीसरा साथी बाहर बाइक चालू करके खड़ा था। कर्मचारियों ने बताया कि बैंक का समय खत्म हो चुका है और मैनेजर चाबी लेकर जा चुके हैं। इसके बाद बदमाश करीब पांच मिनट में बाहर निकले और बाइक से फरार हो गए। इससे पहले 16 अक्टूबर की रात तीन संदिग्धों ने इसी बैंक का शटर सरिया और जैक से उठाने की कोशिश की थी। सुबह शटर आधा खुला मिला था, लेकिन अंदर के ताले सुरक्षित थे और कोई सामान चोरी नहीं हुआ था।

नवनियुक्त नगरध्यक्ष से मारपीट करने वाले कुलदीप बने भाजयुमो जिलाध्यक्ष

इटारसी। भारतीय जनता युवा मोर्चा के नए जिला अध्यक्ष और महामंत्री की घोषणा कर दी गई है। करीब 3 महीने से चल रही खींचतान के बाद इटारसी के कुलदीप रघुवंशी को जिलाध्यक्ष और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की पृष्ठभूमि से आने वाले रूपेन्द्र साहू को जिला महामंत्री बनाया गया है। नियुक्तियों को संगठन में संतुलन साधने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर की ओर से जारी सूची में कुलदीप रघुवंशी का नाम सामने आते ही भाजपा के भीतर गुटीय समीकरणों को लेकर चर्चा शुरू हो गई। वजह यह है कि अप्रैल 2023 में नगर मंडल अध्यक्ष की नियुक्ति के बाद हुए विवाद और मारपीट के मामले में कुलदीप को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से 6 साल के लिए निष्कासित किया गया था। हालांकि, लोकसभा चुनाव के दौरान उनकी संगठन में वापसी हो गई थी।

भोपाल-इंदौर मेट्रो में आज से 30 सेकंड में टिकट

भोपाल। भोपाल और इंदौर मेट्रो स्टेशनों पर आज (30 अक्टूबर) से यात्रियों को टिकट के लिए लाइन में नहीं लगना पड़ेगा। वे स्टेशन पर जाएंगे और वहां लगी टिकट वेंडिंग मशीन (ळश्ट) के जरिए टिकट ले सकेंगे। मेट्रो कॉरपोरेशन का दावा है कि यात्रियों को सिर्फ 30 मिनट की प्रोसेस करने के बाद टिकट मिल जाएगा। इस प्रक्रिया में यात्री लाइन में नहीं लग सकेंगे। यह टीवीएम ठीक वैसी है, जो रानी कमलापति या अन्य रेलवे स्टेशनों पर लगी है। शुरूआत में मेट्रो कर्मचारी टीवीएम के पास खड़े रहेंगे। ताकि, यात्रियों को कोई दिक्कत न हो। मशीन में दृष्टिबाधित दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए ब्रेल लिपि का प्रावधान भी किया गया है। जिससे मेट्रो सेवाओं को अधिक सुलभ एवं समावेशी बनाने में मदद मिलेगी। हालांकि, मेट्रो में अभी यात्रियों की संख्या कम है, जबकि रोजाना खर्च लाखों रुपए हो रहा है। भोपाल में ऑरेंज लाइन के प्रायोरिटी कॉरिडोर में सुभाष नगर से एम्स के बीच मेट्रो चल रही है। जिसमें कुल 6 स्टेशन- सुभाषनगर, एम्स, डीबी मॉल, एमपी नगर, रानी कमलापति, डीआरएफ ऑफिस, अलकापुरी और एम्स है।

सिवनी में जुआ खेलते 7 लोग गिरफ्तार, पुलिस की दबिश

सिवनी। सिवनी शहर में जुआ खेलने वालों के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने गुरुवार रात कार्रवाई की। पुलिस टीम ने शास्त्री वार्ड में दो अलग-अलग जुआ फड़ों पर एक साथ दबिश देकर सात लोगों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से 7200 रुपए नकद और 52 ताश के पत्ते जब्त किए गए हैं। कोतवाली थाना प्रभारी सतीश तिवारी ने बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि गायत्री मंदिर के आगे शास्त्री वार्ड में कुछ लोग ताश के पत्तों पर रुपए-पैसों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और चल रहे जुआ फड़ों पर दबिश दी। इस दौरान सात लोगों को पकड़ा गया।

मध्यप्रदेश में 2 नवंबर तक चक्रवात अर्नब का असरः

ग्वालियर, जबलपुर समेत मप्र के 33 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश में चक्रवाती तूफान ह्यअर्नबह्न के असर से दो दिन से आंधी-बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले चार दिन, यानी 2 नवंबर तक प्रदेश में बारिश हो सकती है। शुक्रवार को ग्वालियर-जबलपुर समेत 33 जिलों में तेज आंधी और हल्की बारिश की चेतावनी जारी की गई है। बारिश और सर्द हवाओं से गुरुवार को दिन के तापमान में 2 डिग्री तक गिरावट दर्ज की गई।

मौसम विभाग ने 24 घंटे के दौरान राजगढ़, विदिशा, नीमच, आगर-मालवा, मंदसौर, ग्वालियर, गुना, शिवपुरी, दतिया, अशोकनगर, मुरैना, भिंड, श्योपुर, जबलपुर, कटनी, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, मैहर, शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, सागर, पन्ना, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी में चेतावनी जारी की है। वहीं भोपाल, रायसेन, सीहोर, नरसिंहपुर, सिवनी, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, बैतूल, नर्मदापुरम, हरदा, शाजापुर, देवास, इंदौर, उज्जैन, रतलाम, झाबुआ,



आलीराजपुर, धार, बड़वानी, खरगोन, खंडवा और बुरहानपुर में धूप निकलने के आसार हैं।

बेमौसम बारिश से फसलों को नुकसान होने की आशंका है। गुरुवार को पांढुर्णा की मंडी में खुले में रखे मक्के के ढेर भीग गए। इससे हजारों क्विंटल मक्का खराब होने की आशंका है। छिंदवाड़ा समेत कई जिलों में धान की फसल खेतों में खड़ी है। बारिश से धान के दानों की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है। रायसेन के दशहरा मैदान में करीब 200 ट्रॉलियों में धान लेकर पहुंचे किसानों को भी उपज बचाने के लिए मशक्कत करनी पड़ी। गुरुवार को भोपाल, सागर, सिंगरौली, पांढुर्णा, मैहर, दमोह, सीहोर और नर्मदापुरम समेत कई जिलों में बारिश हुई।

पचमढ़ी में रात का तापमान 15.2 डिग्री

आंधी-बारिश के कारण गुरुवार को प्रदेश के कई हिस्सों में दिन के समय ठंडक महसूस हुई। दिन के तापमान में 2 डिग्री तक गिरावट दर्ज की गई। बीती रात पचमढ़ी में न्यूनतम तापमान 15.2 डिग्री सेल्सियस रहा। नौगांव में 15.6, अमरकंटक में 16.1, खरगोन और दमोह में 17, जबकि धार में 17.1 डिग्री तापमान दर्ज किया गया।

3 अक्टूबर को लौट चुका है मानसून

मध्य प्रदेश से 3 अक्टूबर को ही दक्षिण-पश्चिम मानसून की विदाई हो गई थी। इसके बावजूद नए मौसमी सिस्टम के सक्रिय होने से बारिश हो रही है। मौसम विशेषज्ञ शैलेंद्र कुमार नायक के मुताबिक, पिछले 10 साल के आंकड़ों में अक्टूबर के दौरान बारिश, गर्मी और ठंड का मिला-जुला दौर देखा गया है। इस बार भी अक्टूबर की शुरूआत में मौसम साफ रहा और दिन में धूप निकली। वहीं, रात में ठंडक के साथ कई जिलों में बारिश हो रही है। इस साल प्रदेश में दक्षिण-पश्चिम मानसून करीब 100 दिन सक्रिय रहा।

सामान्य से 4% कम बारिश

जून से सितंबर के बीच प्रदेश में 908.4 मिमी यानी 35.8 इंच बारिश हुई। यह सामान्य बारिश 949.5 मिमी यानी 37.3 इंच से करीब 1.5 इंच कम है। मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, प्रदेश में कुल बारिश सामान्य से 4% कम रही। पूर्वी हिस्से में सामान्य से 4% ज्यादा, जबकि पश्चिमी हिस्से में 12% कम बारिश दर्ज की गई। पूर्वी मध्य प्रदेश के जबलपुर, रीवा, सागर और शहडोल संभाग में कुल बारिश सामान्य से 4% ज्यादा रही। इसके बावजूद बालाघाट, नरसिंहपुर, पांढुर्णा, रीवा, सागर और सिवनी में सामान्य से 5% से 21% तक कम बारिश हुई।

120 दिन में कलेक्टर-एसपी के बड़े फेरबदल

मोहन सरकार ने 120 दिन में बदले 22 जिलों के कलेक्टर, 12 एसपी भी हटाए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मोहन सरकार ने पिछले 120 दिनों में प्रशासनिक और पुलिस व्यवस्था में बड़े बदलाव किए हैं। इस दौरान 22 जिलों के कलेक्टर और 12 जिलों के पुलिस अधीक्षक बदले गए। नए मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल के 23 जुलाई को कार्यभार संभालने के बाद 22 जिलों में कलेक्टरों की पोस्टिंग बदली गई। इन फेरबदलों के पीछे जहरीली शराब से हुई मौतें, किसान आंदोलन, मुआवजे को लेकर विरोध और प्रशासनिक स्तर पर सामने आए विवाद प्रमुख वजहों में शामिल रहे।

इनमें छह आईएएस-आईपीएस अधिकारियों की फील्ड पोस्टिंग जहरीली शराब कांड के बाद प्रभावित हुई, जबकि छह अधिकारियों को किसान आंदोलन के बीच पद से हटाया गया। हालांकि, सरकार ने कुछ अधिकारियों को हटाने के बाद दूसरी जगह फिर महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां भी सौंपी हैं। बालाघाट में आदिवासी बच्चों की मौत के मामले के बाद हटाए गए कुमार सत्यम को दो महीने के भीतर ही दूसरी जगह कलेक्टर की जिम्मेदारी मिल गई।

वहीं, इंदौर नगर निगम में पदस्थापना के दौरान भागीरथपुरा दूषित पेयजल कांड से जुड़े दिलीप कुमार यादव और रोहित सिसोनिया को भी बाद में नई जिम्मेदारियां दी गईं।

सागर जिले की बंडा तहसील में सितंबर में जहरीली शराब पीने से 30 से अधिक लोगों की मौत हुई थी। मुख्यमंत्री ने मामले की जांच के लिए एक सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग गठित किया था और खुद भी सागर पहुंचे थे। हालांकि, उस समय कलेक्टर और एसपी को नहीं हटाया गया। अब 27 अक्टूबर को जारी तबादला आदेश में कलेक्टर प्रतिभा पाल और एसपी अनुराग सुजानिया को हटा दिया गया है।

सागर में अब दिलीप कुमार यादव को कलेक्टर और संजीव कुमार सिन्हा को एसपी बनाया गया है। देवास में भी जहरीली शराब से मौतों के बाद कलेक्टर ऋतुराज और एसपी पुनीत गहलोत को हटाया गया है। देवास की नई कलेक्टर नेहा मीना बनाई गई हैं, जो इससे पहले सिवनी कलेक्टर थीं। सिवनी की जिम्मेदारी अंजू अरुण कुमार को दी गई है। देवास एसपी के पद पर बालाघाट एसपी आदित्य मिश्रा को भेजा गया है।

पुलिस महकमे में भी लगातार बदले गए एसपी

कलेक्टरों के साथ पुलिस अधीक्षकों की पोस्टिंग में भी बदलाव हुए। जुलाई से अक्टूबर के बीच शाजापुर, शहडोल, टीकमगढ़ और श्योपुर सहित कई जिलों में एसपी बदले गए। 27 अक्टूबर के आदेश में सागर और देवास के एसपी भी बदले गए, जबकि 28 अक्टूबर को नर्मदापुरम, अलीराजपुर, पन्ना, बैतूल और हरदा में नई पोस्टिंग की गई। इन तबादलों में एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि जिन कुछ अधिकारियों की फील्ड पोस्टिंग विवादों या घटनाओं के बाद प्रभावित हुई, उन्हें बाद में फिर कलेक्टर या एसपी की जिम्मेदारी मिली।

13 अक्टूबर को बदले थे 11 जिलों के कलेक्टर

राज्य सरकार ने 13 अक्टूबर को जारी आदेश में 11 जिलों के कलेक्टर बदले थे। इस फेरबदल में पन्ना, मऊगंज, जबलपुर, नर्मदापुरम, हरदा, सिंगरौली, बालाघाट, शाजापुर, बुरहानपुर, भिंड और रायसेन के कलेक्टर शामिल थे।

थिनर से बनाई जहरीली शराब, 13 मौतों के बाद सामने आया नेटवर्क

कबाड़ी से बोतलें खरीदकर असली माल के बीच खपाते थे



ब्रह्मास्त्र ▸▸ देवास

मध्य प्रदेश के देवास में जहरीली शराब से 13 लोगों की मौत के मामले में नया खुलासा हुआ है। पुलिस जांच में पता चला है कि शराब बनाने में इस्तेमाल किया गया थिनर इंदौर से 6,800 रुपए में खरीदा गया था। आरोपियों ने लाइसेंसी शराब दुकानों से सांठगांठ कर शराब की पेटियां जुटाईं। इनके बीच नकली शराब की बोतलें मिलाकर आसपास के गांवों में सप्लाई की जाती थीं।

पुलिस के मुताबिक, चंदाना गांव में विनोद जायसवाल के घर से शराब बेची जाती थी। यहां सुबह 6 बजे से रात 12 बजे तक शराब उपलब्ध रहती थी। मामले में अब तक 11 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर अवैध शराब के नेटवर्क की जानकारी जुटा रही है। पढ़िए रिपोर्ट ह्न

विनोद के घर से लगा तीन मंजिला मकान भी बन रहा है। इसमें सेंट्रलाइज्ड एयर कंडीशनिंग सिस्टम लगवाया जा रहा था। विनोद के घर से लगा तीन मंजिला मकान भी बन रहा है। इसमें सेंट्रलाइज्ड एयर कंडीशनिंग सिस्टम लगवाया जा रहा था। चंदाना गांव के बीचोबीच विनोद जायसवाल का घर है। वह यहां परिवार के साथ रहता था। शराब से मौतों के मामले के बाद घर के दोनों दरवाजों पर ताले लगे हैं। ग्रामीणों के मुताबिक, यहां 40 साल से अवैध शराब का कारोबार चल रहा था।

ग्रामीणों का कहना है कि यहां सालभर शराब मिलती थी। छुट्टी हो या त्योहार, सप्लाई बंद नहीं होती थी। लाइसेंसी दुकानों से कम कीमत पर शराब मिलने के कारण चंदाना के अलावा आसपास के गांवों के लोग भी यहां आते थे। हालांकि, ग्रामीण इस कारोबार के बारे में खुलकर बात करने से बच रहे हैं। विनोद के घर से लगा एक तीन मंजिला मकान भी बन रहा है। इसमें सेंट्रलाइज्ड एयर कंडीशनिंग सिस्टम लगवाया जा रहा था। कार्रवाई के बाद निर्माण कार्य बंद है।

लाइसेंसी दुकानों से पेटियां लाकर गांवों में करते थे सप्लाई

पुलिस के मुताबिक, विनोद के साथ अजय राठौर, गोविंद और रामेश्वर सोनगरा भी इस नेटवर्क से जुड़े थे। आरोप है कि चारों आसपास की लाइसेंसी शराब दुकानों के मैनेजर, कर्मचारियों और सेल्समैन से सांठगांठ कर शराब की पेटियां लाते थे। इन्हें बाइक से लाया जाता था। शराब की पेटियां विनोद के घर पर जमा की जाती थीं। यहां से बिक्री होती थी। सेल्समैन के जरिए आसपास के गांवों में भी शराब पहुंचाई जाती थी। इस लेनदेन का रिकॉर्ड एक डायरी में रखा जाता था। गोविंद फिलहाल फरार बताया गया है।

कोतवाली थाना प्रभारी शशिकांत चौरसिया के मुताबिक, आरोपी अजय ने पूछताछ में बताया कि उसने अक की मदद से शराब बनाने का तरीका खोजा था। इसके बाद कबाड़ी से खाली बोतलें खरीदीं और अपने साथियों को भी इस काम में शामिल कर लिया। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने लाइसेंसी शराब की बोतलों के साथ कथित तौर पर अपनी बनाई शराब भी बेचना शुरू कर दिया था। मौतों की खबर सामने आने के बाद आरोपी फरार हो गए थे। पुलिस ने इंदौर के केमिकल व्यापारी अमन कासलीवाल को भी गिरफ्तार किया है। अमन के पिता आनंद कासलीवाल के मुताबिक, 30 अक्टूबर को गोविंद के नाम पर 220 किलो थिनर, यानी एक ड्रम सप्लाई किया गया था।

जबलपुर में 14 कार्बाइड गन जब्त, दो अरेस्ट

बघराजी में बना रहे थे, मदन महल की दुकान से 45 किलो कार्बाइड मिला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

जबलपुर के बघराजी गांव में कार्बाइड गन बनाने की सूचना पर क्राइम ब्रांच और कुंडम थाना पुलिस ने गुरुवार रात दो जगह छापा मारा। दशरथ बड़गैया (56) के पास से 10 कार्बाइड गन, 11 किलो 500 ग्राम कैल्शियम कार्बाइड और गन बनाने की सामग्री मिली। वहीं, चित्रांश साहू (29) के घर से 4 कार्बाइड गन जब्त की गईं।

पूछताछ में आरोपियों ने मदन महल स्थित लाठिया ट्रेडर्स से कैल्शियम कार्बाइड खरीदने की बात बताई। इसके बाद पुलिस ने दुकान पर छापा मारकर 45 किलो कैल्शियम कार्बाइड जब्त किया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 188 के तहत मामला दर्ज किया है। एसपी संपत उपाध्याय ने बताया कि गुरुवार रात क्राइम ब्रांच के एएसपी जितेंद्र सिंह को सूचना मिली थी कि कुंडम थाना क्षेत्र के बघराजी गांव में कार्बाइड गन बनाई जा रही हैं और वहां बड़ी मात्रा में कैल्शियम कार्बाइड



रखा है। सूचना पर क्राइम ब्रांच और कुंडम थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दो स्थानों पर छापा मारा। पहली जगह दशरथ बड़गैया (56) के पास से 10 कार्बाइड गन, करीब 11 किलो 500 ग्राम कैल्शियम कार्बाइड और गन बनाने की सामग्री जब्त की गई। दूसरी जगह चित्रांश साहू (29) के घर पर छापा मारा गया, जहां वह गन बनाते मिला। उसके पास से 4 कार्बाइड गन बरामद हुईं।

परमाणु संयंत्र की प्यास बुझाएगी सिंध...: मोहनगढ़ में 1488 करोड़ रुपए से बनेगा बांध

ब्रह्मास्त्र ▸▸ शिवपुरी

भीमपुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र के लिए पानी का इंतजाम करने की दिशा में 17 साल बाद बड़ी प्रगति हुई है। सिंध नदी पर प्रस्तावित मोहनगढ़ बांध के लिए तीन स्थानों का सर्वे पूरा हो गया है। इनमें मोहनगढ़ की तीसरी लोकेशन सबसे उपयुक्त पाई गई है। यहां बांध बनाने पर करीब 1,488 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है। निर्माण से 784 परिवार प्रभावित हो सकते हैं। सर्वे रिपोर्ट के आधार पर प्रस्ताव भोपाल भेज दिया गया है। अब इसे तकनीकी मंजूरी के लिए केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी), दिल्ली भेजा जाएगा। केंद्र सरकार ने 2009 में भीमपुर में 2,800 मेगावाट क्षमता के परमाणु ऊर्जा संयंत्र को सैद्धांतिक मंजूरी दी थी। इसमें 700-700 मेगावाट की चार इकाइयां प्रस्तावित हैं। संयंत्र को हर साल 159 मिलियन घनमीटर पानी की जरूरत होगी।

इसकी पूर्ति के लिए मड़ीखेड़ा बांध के ऊपरी हिस्से में सिंध नदी पर मोहनगढ़ बांध बनाने की योजना है। मानसून के दौरान नदी में आने वाला अतिरिक्त पानी बांध में जमा किया जाएगा, ताकि संयंत्र को सालभर पानी मिल सके। हालांकि, बांध को तकनीकी मंजूरी मिलने और निर्माण शुरू होने की समय-सीमा अभी तय नहीं है। भीमपुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र को सालाना 159 मिलियन घनमीटर पानी चाहिए।

जबलपुर में खाद्य विभाग की कार्रवाई, लाइसेंस निलंबित; रेलवे में सप्लाई होते थे खाने के पैकेट

बाथरूम के पानी से बना रहे थे खाना, खाद्य विभाग ने किया सील

दीपावली के त्योहार पर खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए जबलपुर जिला प्रशासन की टीम की बड़ी कार्रवाई


ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

दीपावली के त्योहार पर खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए जबलपुर जिला प्रशासन की टीम ने गुरुवार रात बड़ी कार्रवाई की। टीम साउथ सिविल लाइन स्थित सिद्धि विनायक रेस्टोरेंट पहुंची तो वहां बाथरूम के पानी से खाना बनते मिला।

जांच में यह भी सामने आया कि गंदे पानी से सब्जियां धोई जा रही थीं। किचन में बेहद गंदगी और अस्वच्छ परिस्थितियों में भोजन तैयार किया जा रहा था। प्रशासन ने रेस्टोरेंट का लाइसेंस निलंबित कर उसे सील कर दिया है। यहां से तैयार खाने के पैकेट रेलवे में सप्लाई किए जाते थे।

राजस्व और खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने गुरुवार रात करीब 9 बजे साउथ सिविल लाइन, ग्वारीघाट और रामपुर स्थित तीन प्रतिष्ठानों का आकस्मिक निरीक्षण किया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमित गुप्ता के अनुसार शिकायत के आधार पर सिद्धि विनायक रेस्टोरेंट के किचन की जांच की गई थी। यहां बाथरूम का पानी सब्जियां धोने और खाना बनाने में इस्तेमाल किया जा रहा





था। संचालक ने बताया कि इसी किचन में तैयार भोजन के पैकेट रेलवे में सप्लाई किए जाते हैं। कार्रवाई के दौरान रेस्टोरेंट से पनीर, दाल और चावल के नमूने जांच के लिए लिए गए। लाइसेंस की शर्तों का उल्लंघन और अस्वच्छ परिस्थितियां पाए जाने पर एफएसएसएआई का लाइसेंस निलंबित कर प्रतिष्ठान सील कर दिया गया। टीम ने ग्वारीघाट स्थित न्यू केशरवानी स्वीट्स से नारियल बर्फी और मगज के लड्डू के नमूने लिए। वहीं, रामपुर स्थित मधु कलश स्वीट्स से आटे के लड्डू और पेड़े के सैंपल लिए गए। अभियान में लिए गए सभी नमूने जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजे जा रहे हैं। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मिलावट के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

शिवपुरी में 6 मौतें:छोटी बहन बेटे संग कुएं में कूदी, बड़ी ने भी 3 बच्चों संग दे दी जान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कोलारस/शिवपुरी

दो सगी बहनों का आपसी लगाव इतना गहरा था कि एक के जाने का गम दूसरी सहन न कर सकी। बैराड़ (शिवपुरी) के गूगर पट्टी गांव में पति की असमय मौत से व्यथित ब्रजबाई ने 6 साल के बेटे संग कुएं में कूदकर जान दे दी। ब्रजबाई गर्भवती भी थी। इस घटना के ठीक 5 घंटे बाद, कोलारस के ही सेसई सड़क गांव में रह रही ब्रजबाई की बड़ी बहन सीता ने भी अपनी दो बेटियों और एक बेटे के साथ कुएं में कूदकर जान दे दी। महज 6 घंटे के भीतर 6 मौतों से दोनों गांव में मातम छा गया।

ब्रजबाई (30) के पति धर्मवीर रावत की तीन सप्ताह पहले सड़क हादसे में मौत हो गई। इससे गर्भवती ब्रजबाई मानसिक अवसाद में थीं। बुधवार दोपहर 1 बजे वह तीन बच्चों को लेकर घर के पीछे कुएं पर गई। दो बेटियां तो भाग गईं, लेकिन 6 साल के बेटे प्रशांत को गोद में लेकर ब्रजबाई कुएं में कूद गईं। छोटी बहन की मौत की खबर के बाद बड़ी बहन सीता रावत (35) शाम 6 बजे बेटियों राखी (14), प्रियंका (11) और बेटे श्लोक (6) को लेकर खेत पर हरा चारा लेने की बात कहकर घर से निकली।

फिल्म मेकर रामगोपाल वर्मा को लीगल नोटिस:29.67 करोड़ चुकाने के लिए 30 अक्टूबर की डेडलाइन

रकम न चुकाने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी

फिल्म निमार्ता रामगोपाल वर्मा को 29.67 करोड़ रुपए का बकाया न चुकाने पर लीगल नोटिस जारी किया है। फिल्म प्रोडक्शन कंपनी 'एकलातांत फिल्म्स' ने यह रकम ना चुकाने का आरोप लगाया है।



ट्रेड एनालिस्ट अतुल मोहन की मैगजीन कंप्लीट सिनेमा के 24 और 31 अक्टूबर 2026 के अंक में प्रकाशित सार्वजनिक नोटिस के अनुसार, कंपनी ने रामगोपाल वर्मा को 30 अक्टूबर 2026 तक पूरी रकम का भुगतान करने को कहा है। ऐसा न करने पर कंपनी ने उनके प्रोजेक्ट्स के अधिकार रोकने और कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। नोटिस के मुताबिक, यह पूरा विवाद 10 अप्रैल 2010 को हुए एक समझौते से जुड़ा हुआ है। इसमें 17 अप्रैल 2013 को बॉम्बे हाईकोर्ट की ओर से दिए गए एक आदेश का भी हवाला दिया गया है।

कंपनी का दावा है कि रामगोपाल वर्मा पर मूल बकाया के अलावा 11.38 करोड़ रुपए का ब्याज भी जमा हो चुका है। ब्याज मिलाकर कुल देनदारी 29.67 करोड़ रुपए से अधिक हो गई है। कंपनी ने 15 अक्टूबर 2026 को रामगोपाल वर्मा को कानूनी नोटिस भेजा था। एकलातांत फिल्म्स का कहना है कि समझौते की शर्तों के अनुसार, जब तक रामगोपाल वर्मा बकाया रकम का पूरा भुगतान नहीं कर देते, तब तक वे किसी तीसरे पक्ष के साथ काम नहीं कर सकते। उन्हें फिल्म निर्माण, सह-निर्माण, निर्देशन या लेखन से जुड़ी किसी भी काम के लिए कंपनी से लिखित अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना जरूरी है। बिना अनुमति के वे किसी भी नए प्रोजेक्ट से नहीं जुड़ सकते। कंपनी ने चेतावनी दी है कि यदि 30 अक्टूबर 2026 तक बकाए का निपटारा नहीं हुआ, तो वह समझौते के तहत आने वाली फिल्मों और प्रोजेक्ट्स में रामगोपाल वर्मा के हिस्से, अधिकारों, राजस्व और कमाई पर अपना लीगल अधिकार (लागू कर देगी।

अनिल कपूर के घर करवा चौथ सेलिब्रेशन

शिल्पा शेट्टी, मीरा राजपूत समेत कई सेलेब्स पहुंचे; ट्रेडिशनल लुक में नजर आईं बॉलीवुड हस्तियां

बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर के मुंबई स्थित आवास पर करवा चौथ का त्योहार रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। हर साल की तरह इस बार भी अनिल कपूर के घर कई बॉलीवुड सेलेब्स पहुंचे।







इस सेलिब्रेशन में शिल्पा शेट्टी, मीरा राजपूत, रीदिमा कपूर साहनी, महीप कपूर, भावना पांडे, नीलम कोठारी और नताशा दलाल समेत कई जाने-माने सितारे पूजा की थाली और छन्नी लेकर पहुंचे। शाहिद कपूर की पत्नी मीरा भी ट्रिडीशनल साड़ी में पहुंची। वरुण धवन की पत्नी नताशा दलाल और निर्देशक रोहित धवन की पत्नी जानवी देसाई धवन भी इस पारंपरिक पूजा का हिस्सा बनीं। अर्जुन कपूर की बहन अंशुला कपूर भी सेलिब्रेशन में शामिल हुईं।

पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह की पत्नी और एक्ट्रेस गीता बसरा पिंक शरारा सूट में दिखीं

अभिनेत्री और गायिका पद्मिनी कोल्हापुरे भी पूजा में पहुंची। ऋषि कपूर की बेटी रीदिमा कपूर साहनी गुलाबी रंग के लहंगे में पहुंचीं।

ऋषि कपूर की बेटी रीदिमा कपूर साहनी गुलाबी रंग के लहंगे में पहुंचीं।

सुनीता और अनिल कपूर का मुंबई स्थित घर पिछले कई वर्षों से हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में करवा चौथ सेलिब्रेशन का ठिकाना रहा है। सुनीता कपूर हर साल अपने घर पर बॉलीवुड से जुड़े परिवारों और अभिनेत्रियों के लिए इस पूजा का आयोजन करती हैं।

यामी गौतम एक्टिंग छोड़कर खेती करने वाली थीं

आर्टिकल 370 में जूनी हक्सर के किरदार के लिए यामी गौतम को 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का सम्मान मिला। टीवी से करियर शुरू करने वाली यामी गौतम ने 2012 में विक्की डोनर से बॉलीवुड में डेब्यू किया। पहली फिल्म हिट रही, लेकिन आगे का सफर आसान नहीं रहा। टोटल सियापा, एक्शन जैक्सन, सनम रे, जुनूनियत, सरकार 3 और बत्ती गुल मीटर चालू के बॉक्स ऑफिस पर निराशाजनक प्रदर्शन के बीच उन्होंने एक्टिंग छोड़कर हिमाचल प्रदेश में खेती करने का मन बना लिया था।

यामी ने बताया कि उन्होंने वहां जमीन खरीदी थी। उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक नहीं चलती तो वह बैग पैक करके घर लौट जातीं। हालांकि, उरी और बाला की सफलता ने उनके करियर को नई दिशा दी। बाद में ओएमजी 2 और आर्टिकल 370 जैसी फिल्मों में उन्होंने अभिनय क्षमता साबित की। आर्टिकल 370 में जूनी हक्सर के किरदार के लिए उन्हें 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का सम्मान मिला।



यामी गौतम ने करियर में कई उतार-चढ़ाव देखे। बॉलीवुड में कदम रखने से पहले उन्होंने टेलीविजन पर काम किया। चांद के पार चलो और ये प्यार न होगा कम जैसे शोज से उन्हें पहचान मिली। इसके बाद उन्होंने फिल्मों की ओर रुख किया।

यामी ने 2012 में रिलीज हुई विक्की डोनर से हिंदी सिनेमा में डेब्यू किया। शूजित सरकार के निर्देशन में बनी इस फिल्म में उनके साथ आयुष्मान खुराना थे। स्पर्म डोनेशन जैसे संवेदनशील विषय पर बनी कॉमेडी-ड्रामा को दर्शकों ने पसंद किया। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल रही और यामी को पहचान मिली। पहली फिल्म की सफलता के बाद यामी के करियर से तेजी से आगे बढ़ने की उम्मीद थी। हालांकि, बॉलीवुड में एक हिट फिल्म से लंबी पारी तय नहीं होती। कलाकार को लगातार अच्छी भूमिकाओं और सफल फिल्मों की जरूरत होती है। यामी के साथ भी यही हुआ। डेब्यू के बाद उन्हें कई फिल्मों में काम मिला, लेकिन सभी दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचने में सफल नहीं रहीं।

तारा सुतारिया के ब्रेकअप पर जाह्नवी का रिएक्शन

एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर हाल ही में टॉक शो 'कॉफी विद करण सीजन 9' में वरुण धवन के साथ शामिल हुईं। शो के दौरान करण जोहर के रैपिड-फायर राउंड में जाह्नवी ने वीर पहाड़ीया को डेटिंग से जुड़ी एक सलाह दी।

करण ने जब पूछा कि वे वीर को क्या सलाह देना चाहेंगी, तो जाह्नवी ने कहा कि उन्हें अपनी पार्टनर को कभी किसी कॉन्सर्ट में नहीं ले जाना चाहिए। जाह्नवी के इस बयान को तारा सुतारिया और वीर पहाड़ीया के ब्रेकअप से जोड़कर देखा जा रहा है।

दरअसल, तारा और वीर की डेटिंग की शुरूआत साल 2025 की शुरूआत में हुई थी। दोनों को कई बार निजी जगहों पर साथ देखा गया था।


फिर पंजाबी सिंगर एपी ढिल्लों के कॉन्सर्ट के दौरान स्टेज पर हुए वाकये के बाद दोनों के ब्रेकप की खबरें सामने आईं थीं। दिसंबर 2025 में मुंबई में हुए पंजाबी सिंगर एपी ढिल्लों के कॉन्सर्ट के दौरान एक वाकया सामने आया था। कॉन्सर्ट में तारा सुतारिया स्टेज पर पहुंची थीं और सिंगर ने उन्हें गले लगाकर गाल पर किस किया था।

इसी कॉन्सर्ट में दर्शकों में मौजूद वीर के रिएक्शन का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें उन्हें कथित तौर पर असहज दिखाया गया था।

जनवरी 2026 में आई थीं ब्रेकअप की खबरें

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक तारा सुतारिया और वीर पहाड़ीया ने साल 2025 की शुरूआत में एक-दूसरे को डेट करना शुरू किया था। जुलाई 2025 में दोनों ने अपना रिश्ता पब्लिक किया था। इसके बाद जनवरी 2026 में दोनों के अलग होने की खबरें सामने आई थीं। हालांकि दोनों में से किसी ने भी ब्रेकअप को लेकर आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। जाह्नवी कपूर की इस टिप्पणी के बाद एक बार फिर दोनों के रिश्ते और कॉन्सर्ट विवाद की चर्चा शुरू हो गई है।


जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...





रंग भरकर चित्र बनाओ






जोक्स

मास्टर जी: सबसे ज्यादा नशा किसमें होता है?
छात्र: किताब में
मास्टर जी: कैसे?
छात्र: क्योंकि किताब खोलते ही नींद आ जाती है

टीचर: कौन सी जाति के लोग अच्छे नागरिक होते हैं ?
छात्र: बनिए !
टीचर: वो कैसे ?
छात्र: क्योंकि सर हर जगह लिखा होता है देश के अच्छे नागरिक बनिए।

वर्ग पहेली





बाएं से दाएं

1. पेड़, दरख्त-2
3. प्रार्थना, पूजना-4
6. आदर्श, पैमाना-3
8. त्वचा, चमड़ी, खाल-2
10. सड़ने की प्रक्रिया, गलन-3
12. देव, देवता-2
13. चलने का ढंग-2
14. प्रशंसा, गुणगान-3
16. आरामदायक-5
17. कक्ष, रुम-3
19. हिंदू कैलेंडर का एक महीना, भाद्रवा-2
20. 500 कागजों की गड्डी-2
21. कबाड़, खराब वस्तु-3
24. मजा, मस्ती-2
26. सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
28. शोरगुल, -4
29. तह, परत-2

ऊपर से नीचे

2. माफी-2
3. झूठी शान, घमंड-3
4. गर्दन से नीचे का शरीर, देह-2
5. अपराध, गुनाह-2
7. रग, नाड़ी-2
8. सूत कातने का यंत्र-3
9. एकाएक-4
11. शीश झुकाए हुए-5
12. भोर, प्रातः -3
15. ननद का पति-4
16. विश्राम, राहत-3
18. रोगी, बीमार-3
22. उच्चतम-3
23. गरबा, नृत्य-2
24. मृत्यु-2
25. रास्ता, मार्ग-2
27. आनंदित, मौजी-2

माथा पच्ची

16		38		50		24	=	96
	■		■		■		■	
4		23		40		10	=	62
	■		■		■		■	
12		4		10		3	=	10
	■		■		■		■	
20		10		25		35	=	0
=	■	=	■	=	■	=	■	=
28		9		45		2	=	24/32

संकेत

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (×) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णत: मेल खाता हो.

शब्दों का जाल

खा	म	मा	यु	वा	प	ना	न	ह	क	रा				
ह	वि	सू	ह	का	ल	जी	स	ल	का	ज				
से	दी	दा	ट	अं	ल	त	र	म	ल	टी.				
ड़	र	या	त्र	ल	क	त्र	ओ	र	सु	म				
र	न	क	प	ल	म	भी	छ	हो	नो	स्ती				
प	मी	क्षा	स	जि	स्था	क	प	म	स	क				
के	ह	बु	की	टी	म	भी	टे	डि	रू	प				
न	पू	सु	पा	क	पं.	सौ	ल	ली	र	स				
कं	प	नी	सू	ह	प	डे	बे	व	ली	त				
म	व	म	व	प्य	दी	र	ह	रे	क	थ				
म	ह	न	प्या	रे	मो	ह	न	ल	ल	ल				

शब्दजाल में विवेक ओबराय की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. नाम ऊपर से नीचे, दाएं से बाएं एवं तिरछे हो सकते हैं.

नक्शा, रोड़, साथिया, कंपनी, युवा, ओमकारा, मस्ती, प्यारे मोहन, होम डिलीवरी, काल.

अष्टयोग

4			6		5	7
2	31	7	31	4	28	
	5	3		1		
5	37	6	33		29	3
	3		4			1
	29	5	32		40	
1		4	3	2	7	

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.


माथा पच्ची का हल

53	-	12	-	25	+	5	=	21
+	■	+	■	+	■	x	■	+
15	+	23	-	21	+	3	=	20
-	■	+	■	-	■	+	■	-
20	x	4	-	20	-	20	=	40
-	■	+	■	+	■	-	■	+
13	+	1	+	20	-	15	=	18
=	■	=	■	=	■	=	■	=
35	+	39	-	46	+	20	=	

अष्टयोग का हल

7	2	1	6	3	5	4
2	31	7	31	4	28	2
4	5	3	6	1	2	7
3	27	6	33	6	39	5
1	3	2	4	5	7	6
5	31	5	32	7	38	3
6	5	4	3	2	7	1

शब्दजाल का हल



सूडोकू नवताल

मध्यम

9		2		4	1	7		
1						6		
5	7	3	2				4	
				9	4	8		
4		7				9		6
		5	8	3				
	3				6	5	9	1
		6						7
		9	1	8		2		4

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकू नवताल का हल

5	4	9	1	8	3	2	6	7
1	2	6	4	9	7	3	5	8
3	8	7	5	2	6	1	4	9
8	7	1	3	4	2	6	9	5
9	5	3	6	1	8	7	2	4
2	6	4	7	5	9	8	1	3
4	3	5	2	7	1	9	8	6
6	9	2	8	3	4	5	7	1
7	1	8	9	6	5	4	3	2



बांग्लादेश में साजिश से गिराई गई हसीना सरकार

तख्तापलट से 2 दिन पहले यूनुस छात्रों से मिले; विदेशी पत्रकार ने मीटिंग कराई, वहीं योजना बनी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ढाका

बांग्लादेश में साजिश के तहत शेख हसीना की सरकार गिराई गई थी। छात्र संगठन चाहते थे कि बांग्लादेश की सरकार मोहम्मद यूनुस चलाएं। छात्रों की यूनुस से मुलाकात करवाने में न्यूज एजेंसी अत्रह्ह के पत्रकार कादरुद्दीन शिशिर ने मदद की। यह दावा अंतरिम सरकार के सलाहकार रहे मोहम्मद यूनुस के पूर्व प्रेस सचिव शफीकुल आलम ने किया है। शेख हसीना ने 5 अगस्त 2024 को बांग्लादेश छोड़ा था। इसके दो दिन पहले ही यूनुस और छात्रों के बीच बातचीत हुई थी। इसी बातचीत में तख्तापलट का प्लान बना।



सुरक्षा एजेंसियों को बातचीत की जानकारी ही नहीं थी

शफीकुल आलम के मुताबिक, छात्र नेताओं को यूनुस तक अपनी बात पहुंचाने के लिए एक भरोसेमंद व्यक्ति की जरूरत थी। ऐसे में कादरुद्दीन शिशिर ने दोनों पक्षों के बीच संपर्क कराने में मदद की। आलम ने दावा किया कि सुरक्षा एजेंसियों को इस बातचीत की जानकारी नहीं थी। अगर अधिकारियों को इसका पता चल जाता तो शिशिर और AFP की पूरी टीम को खतरा हो सकता था।

आलम ने बातचीत का पूरा ब्योरा नहीं दिया। यह भी पता नहीं है कि शिशिर की भूमिका केवल शुरूआती बातचीत कराने तक सीमित थी या उन्होंने आगे की बातचीत में भी हिस्सा लिया था।

छात्र आंदोलन के प्रमुख नेताओं में शामिल नाहिद इस्लाम ने उन्हें अंतरिम सरकार का मुख्य सलाहकार बनाने का प्रस्ताव दिया था। बाद में यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार बनी।

हसीना सरकार के खिलाफ कैसे शुरू हुआ था आंदोलन?

बांग्लादेश में 2024 में सरकारी नौकरियों में आरक्षण के खिलाफ छात्र आंदोलन शुरू हुआ था। वहां सरकारी नौकरियों में 1971 के मुक्ति संग्राम में लड़ने वालों के परिवारों के लिए 30% तक सीटें आरक्षित थीं। छात्रों का कहना था कि इससे आम युवाओं के लिए सरकारी नौकरी पाने के मौके कम हो रहे हैं। वे चाहते थे कि भर्ती में परीक्षा और योग्यता के आधार पर ज्यादा नौकरियां मिलें। इसी मांग को लेकर शुरू हुआ आंदोलन धीरे-धीरे सरकार के खिलाफ प्रदर्शन में बदल गया। सरकार की कार्रवाई में बड़ी संख्या में लोग मारे गए। संयुक्त राष्ट्र के आकलन के मुताबिक, जुलाई और अगस्त 2024 के दौरान करीब 1,400 लोगों की मौत हुई।

यूनुस की अंतरिम सरकार के बाद सत्ता में आए तारिक रहमान

यूनुस की अंतरिम सरकार का काम चुनाव कराकर सत्ता चुनी हुई सरकार को सौंपना था। इसके लिए 12 फरवरी 2026 को आम चुनाव हुए, जिसमें बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ने बड़ी जीत हासिल की। पार्टी ने संसद की 300 में से 209 सीटें जीतीं। इसके बाद 17 फरवरी 2026 को तारिक रहमान ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। उनके सत्ता संभालने के साथ ही यूनुस की अंतरिम सरकार का कार्यकाल खत्म हो गया। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने 19 अक्टूबर 2026 को कहा था कि वे दिसंबर में अपने देश लौटेंगी। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश की मौजूदा तारिक रहमान सरकार उन्हें गिरफ्तार कर सकती है

ड्रोन से इलेक्ट्रिक ट्रेन को निशाना बनाया; इस साल रेल नेटवर्क पर 1600 हमले

रूस का यूक्रेन के रेलवे स्टेशन पर हमला, 14 लोगों की मौत





ब्रह्मास्त्र ▸▸ कीव

यूक्रेन के मध्य में स्थित निप्रो शहर में गुरुवार सुबह रूसी ड्रोन ने रेलवे स्टेशन पर हमला किया। अधिकारियों के मुताबिक, हमले में 14 लोगों की मौत हो गई, जबकि 10 अन्य घायल हुए हैं। शहर के मेयर बोरिस फिलातोव ने कहा कि ड्रोन ने यात्रियों को ले जाने वाली इलेक्ट्रिक ट्रेन को निशाना बनाया।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने हमले को भयावह बताया। उन्होंने रूस पर और कड़े प्रतिबंध लगाने की मांग की, ताकि ऐसे हमलों को रोका जा सके। यूक्रेन की सरकारी रेलवे कंपनी के मुताबिक, ड्रोन ने उस प्लेटफॉर्म को निशाना बनाया, जहां निप्रो से जापोरिजिया जाने वाली ट्रेन नंबर 866 खड़ी थी। ट्रेन रवाना होने की तैयारी में थी। रेलवे कंपनी ने बताया कि खतरे को लेकर चेतावनी जारी की गई थी, लेकिन इसके बावजूद प्लेटफॉर्म पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। रूस ने 2026 के पहले 8 महीनों में यूक्रेन के रेलवे नेटवर्क पर 1,600 से ज्यादा हमले किए। इनमें ट्रेन, रेल इंजन और रेलवे से जुड़े दूसरे ठिकानों को निशाना बनाया गया। विदेश मंत्री आंद्रिय सिबिहा के मुताबिक, 2022 में युद्ध शुरू होने के बाद से रूस 500 से ज्यादा रेल इंजनों को नुकसान पहुंचा चुका है या नष्ट कर चुका है। इनमें से आधे से ज्यादा घटनाएं इसी साल हुईं।

यूक्रेन के लिए रेलवे यात्रियों के साथ-साथ जरूरी सामान और अनाज की आवाजाही का भी अहम साधन है। ऐसे में रेलवे पर हमलों से देश की परिवहन व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

यूक्रेन के पूर्व उप परिवहन मंत्री वासिल शेवचेंको के मुताबिक, रेल इंजन पर हमला होने से पूरे रेल मार्ग पर यातायात ठप हो जाता है। डीजल इंजन में बड़ी मात्रा में ईंधन होने के कारण विस्फोट के बाद भीषण आग लग जाती है।

रेल नेटवर्क पर हमला क्यों करता है रूस

यूक्रेन के रेलवे नेटवर्क पर हमलों का असर सिर्फ यात्रियों तक सीमित नहीं है। रेलवे के जरिए अनाज, जरूरी सामान और युद्ध प्रभावित इलाकों में राहत सामग्री पहुंचाई जाती है। रेलवे की आवाजाही बाधित होने से अर्थव्यवस्था और देश की आपूर्ति व्यवस्था भी प्रभावित हो सकती है। रूसी ड्रोन हमलों के खतरे को देखते हुए यूक्रेन की सरकारी रेलवे कंपनी ने ट्रेनों और ड्रोन की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए निगरानी केंद्र बनाए हैं। खतरे का संकेत मिलने पर ट्रेनों को रोककर यात्रियों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाने की कोशिश की जाती है। यूक्रेन की सरकारी रेलवे कंपनी के मुताबिक, सितंबर में ड्रोन हमलों के खतरे के कारण 5,831 ट्रेनों से यात्रियों को सुरक्षित उतारा गया।

फिर भी सरकार बना लेने के आसार

नेतन्याहू पिछले 8 चुनावों में इस बार सबसे कमजोर, पार्टी को सिर्फ 27 सीट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेल अवीव



इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की पार्टी लिकुड को 2026 के चुनाव में 27 सीटें मिली हैं। पिछले 8 चुनावों में यह उनकी पार्टी का सबसे कमजोर प्रदर्शन है। इससे पहले लिकुड को 2009 में 27 सीटें मिली थीं। इजराइल की संसद नेसेट में कुल 120 सीटें हैं। नेतन्याहू के गठबंधन को 53 सीटें मिली हैं। सरकार बनाने के लिए 61 सांसदों का समर्थन चाहिए। उनकी पार्टी बहुमत से 34 सीटें पीछे है, लेकिन सत्ता में उनकी वापसी के आसार हैं। इसकी वजह विपक्षी दलों के बीच मतभेद और सरकार बनाने के लिए जरूरी समर्थन जुटाने की संभावनाएं हैं।

नेतन्याहू के पास सरकार बनाने के रास्ते

नेतन्याहू विपक्षी खेमे में शामिल कुछ दलों या सांसदों को अपने साथ लाने की कोशिश कर सकते हैं। विपक्ष के पास कुल 48 सीटें हैं। अगर उसके कुछ सहयोगी नेतन्याहू का समर्थन करने को तैयार हो जाते हैं, तो उनके लिए 61 सीटों का आंकड़ा हासिल करना संभव हो सकता है।

चुनौती- इस रास्ते में सबसे बड़ी चुनौती विपक्षी नेताओं का विरोध है। उन्होंने चुनाव में नेतन्याहू को सत्ता से हटाने का वादा किया था। ऐसे में उनके लिए नेतन्याहू के साथ जाना राजनीतिक रूप से मुश्किल होगा। नेतन्याहू विपक्षी नेता गादी आइजनकोट और उनके सहयोगियों के साथ मिलकर राष्ट्रीय एकता सरकार बनाने की कोशिश कर सकते हैं। ऐसी सरकार में अलग-अलग विचारधारा वाली पार्टियां शामिल हो सकती हैं। चुनौती- नेतन्याहू के कुछ सहयोगियों ने भी इस विकल्प पर चर्चा की है। इससे उन्हें प्रधानमंत्री पद पर बने रहने का मौका मिल सकता है। हालांकि, आइजनकोट नेतन्याहू के नेतृत्व का विरोध कर चुके हैं।

पाकिस्तान में सिर्फ 1.7% हिंदू बचे

ब्रिटिश संगठन की रिपोर्ट- आजादी से पहले 14.6% थे; हिंसा-धर्म परिवर्तन वजह

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इस्लामाबाद

पाकिस्तान में हिंदुओं की आबादी अब सिर्फ 1.7% रह गई है। ब्रिटिश हिंदू संगठन इनसाइट यूके की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। 1941 में आज के पाकिस्तान में हिंदुओं की आबादी 14.6% थी।

रिपोर्ट में हिंदुओं की आबादी घटने की वजह हिंसा और धर्म परिवर्तन बताया गया। रिपोर्ट में कहा गया कि बंटवारे के समय और उसके बाद हजारों हिंदू परिवारों को अपना घर छोड़ना पड़ा। कई परिवारों की पुश्तैनी जमीन और खेत भी छिन गए। रिपोर्ट में धार्मिक स्वतंत्रता पर रोक और जबरन धर्म परिवर्तन के मामले भी उठाए गए हैं। संगठन ने ब्रिटिश सरकार से पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए कदम उठाने की मांग की है।

रिपोर्ट के मुताबिक, 1947 के बंटवारे के दौरान और उसके बाद हुई हिंसा के कारण हजारों हिंदू परिवार विस्थापित हुए। कई परिवारों ने अपनी पुश्तैनी जमीन और खेत खो दिए। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पाकिस्तान के एनिमी प्रॉपर्टी कानूनों के तहत इन संपत्तियों पर कब्जे से हिंदू समुदाय की आर्थिक स्थिति कमजोर हुई।

पाकिस्तान में एनिमी प्रॉपर्टी यानी दुश्मन की संपत्ति उन मकानों, जमीनों या दूसरी संपत्तियों को कहा जाता है, जिन्हें सरकार ने भारत चले गए लोगों या दुश्मन देश के नागरिकों की संपत्ति मानकर अपने कब्जे में ले लिया है।

रिपोर्ट में पाकिस्तान के संविधान के अनुच्छेद 41 और 91 का जिक्र किया गया है। इनके तहत राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री का पद केवल मुस्लिम नागरिकों के लिए है। इन नियमों को बदलने के लिए 2019 में लाया गया सुधार विधेयक आगे नहीं बढ़ सका। संगठन ने यह भी कहा कि पाकिस्तान में पासपोर्ट बनवाते समय नागरिकों को अपना धर्म बताना पड़ता है। इस्लामाबाद में हिंदू मंदिर बनाने की योजना भी अब तक पूरी नहीं हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, 2020 में मंदिर निर्माण को मंजूरी मिलने के बाद इस्लामी संगठनों के विरोध के चलते काम रोक दिया गया था। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पाकिस्तान में हर साल करीब 1,000 या इससे ज्यादा हिंदू और ईसाई महिलाओं व लड़कियों का अपहरण होता है। आरोप है कि बाद में उनका जबरन धर्म परिवर्तन कराकर अपहरण करने वालों से शादी करा दी जाती है। इनमें कई नाबालिग गरीब परिवारों से होती हैं। उन्हें न्याय पाने में भी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।

आर्मेनिया की संसद में सांसदों के बीच लात-घूंसे चले...

महिलाओं पर विवादित बयान से भड़के नेता, कार्यवाही रोकनी पड़ी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ येरेवन



आर्मेनिया की संसद में गुरुवार को सत्तारूढ़ दल और विपक्षी सांसदों के बीच मारपीट हो गई। विवाद महिलाओं पर दिए गए विवादित बयान से शुरू हुआ था। सत्तारूढ़ पार्टी के सांसद तारोन चखोयान ने विपक्षी नेता नारेक कारापेटयन से माफी मांगने के लिए कहा था। उन्होंने कारापेटयन के परिवार को लेकर भी बयान दिया था। इससे नाराज विपक्षी सांसद स्पीकर के पोडियम की ओर बढ़े। देखते ही देखते बहस मारपीट में बदल गई।

मारपीट के दौरान एक सांसद को फर्श पर गिरा दिया गया। इसके बाद सुरक्षाकर्मी एक?शन में आए और मामले को संभाला। घटना के बाद संसद की कार्यवाही रोकनी पड़ी। मारपीट के दौरान सांसदों को एक-दूसरे से अलग करते हुए सुरक्षाकर्मी।

चखोयान ने अपने भाषण में विपक्षी नेता कारापेटयन के चचेरे भाई सरगिस कारापेटयन के पुराने बयान का जिक्र करते हुए उनकी आलोचना की थी। उन्होंने एक पॉडकास्ट में महिलाओं पर अपमानजनक टिप्पणी की थी।

इसी साल जनवरी में एक समाजशास्त्री ने कहा था कि आर्मेनिया में अधेड़ उम्र की महिलाओं की राजनीति में दिलचस्पी बढ़ रही है। समाजशास्त्री ने इसकी वजह यौन असंतुष्टि बताया था। उनका दावा था कि इसी वजह से कुछ महिलाएं सोशल मीडिया पर ज्यादा राजनीतिक टिप्पणियां करती हैं। जब एक पॉडकास्ट में सरगिस से इस पर चर्चा हुई तो उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी के सत्ता में आने पर देश में कोई भी महिला यौन संतुष्टि से वंचित नहीं रहेगी। पॉडकास्ट में शामिल एक अन्य व्यक्ति ने मजाक में सेक्स मंत्रालय बनाने की बात कही थी। इसके बाद सरगिस ने कहा कि यौन संबंधों के बिना जनसंख्या से जुड़ी समस्याएं हल नहीं की जा सकतीं।

सांसद ने चखोयान से माफी मांगने को कहा

इस तरह बातचीत महिलाओं की राजनीतिक सक्रियता से शुरू होकर यौन संतुष्टि और आर्मेनिया की घटती जन्म दर तक पहुंच गई। सत्तारूढ़ पार्टी के सांसद तारोन चखोयान ने संसद में इसी बयान का जिक्र करते हुए विपक्षी नेता नारेक कारापेटयन पर निशाना साधा।

6 राज्यों में एसआईआर की समयसीमा बढ़ी, फाइनल लिस्ट अब 30 नवंबर को

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने 6 राज्यों में वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन का शेड्यूल बदल दिया। आयोग ने दिल्ली और महाराष्ट्र में मतदाताओं को नाम जुड़वाने, कटवाने या किसी गड़बड़ी पर दावा-आपत्ति दर्ज कराने के लिए अतिरिक्त समय दिया है। वहीं, आंध्र प्रदेश, हरियाणा, तेलंगाना और नागालैंड में नोटिस के निपटारे की समयसीमा बढ़ाई गई है। नए शेड्यूल के मुताबिक, महाराष्ट्र समेत 5 राज्यों में फाइनल वोटर लिस्ट 30 नवंबर को और दिल्ली में 22 दिसंबर को जारी होगी। यह बदलाव सुप्रीम कोर्ट की उस टिप्पणी के बाद हुआ है, जिसमें छूटे हुए मतदाताओं को दावा-आपत्ति का पर्याप्त मौका देने और प्रक्रिया में जल्दबाजी न करने पर जोर दिया गया था। कोर्ट ने 28 अक्टूबर को चुनाव आयोग से पूछा था कि इन राज्यों में अभी चुनाव नहीं हैं, फिर इतनी जल्दबाजी क्यों।

तीन विपक्षी नेताओं से मुलाकात की; बोले- नेतन्याहू चुनाव को बदनाम कर रहे

इजराइल चुनाव- सरकार बनाने की कोशिशों में जुटे आइजनकोट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेल अवीव



इजराइल में चुनाव के बाद विपक्षी नेता गादी आइजनकोट सरकार बनाने की कोशिशों में जुट गए हैं। आइजनकोट ने डेमोक्रेट्स पार्टी के प्रमुख यायर गोलान, बियाचाद के प्रमुख नफ्ताली बेनेट और विपक्षी नेता यायर लैपिड से मुलाकात की है। आइजनकोट ने आरोप लगाया कि नेतन्याहू और उनकी लिकुड पार्टी चुनाव के नतीजों को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें बहुमत नहीं मिला।

चुनावी नतीजों में अब तक उनके गठबंधन को 48 सीटें मिली हैं, वहीं प्रधानमंत्री नेतन्याहू के खेमे को 53 सीटें मिली हैं। इजराइल की संसद में कुल 120 सीटें हैं और सरकार बनाने के लिए 61 सीटों की जरूरत है। अरब पार्टियों को 19 सीटें मिली हैं। ऐसे में किसी भी खेमे के पास बहुमत नहीं है और सरकार बनाने के लिए दूसरे दलों का समर्थन जरूरी होगा।

अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर मिलेई ने प्रधानमंत्री नेतन्याहू को चुनाव में जीत की बधाई दी है। उन्होंने लिकुड पार्टी की जीत को बड़ी कामयाबी बताया। मिलेई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा कि लिकुड एक बार फिर इजराइल की सबसे बड़ी राजनीतिक ताकत बनकर उभरी है।

मिलेई ने कहा कि नेतन्याहू ने विरोधी सर्वे और चुनावी अनुमानों के बावजूद अपने नेतृत्व की ताकत दिखाई है। अर्जेंटीना और इजराइल पश्चिमी मूल्यों को चुनौती देने वाली ताकतों के खिलाफ रणनीतिक साझेदार बने रहेंगे। नेतन्याहू के सहयोगी दल यूनाइटेड टोरा जूडिज्म ने विपक्षी नेता गादी आइजनकोट को प्रधानमंत्री पद देने का प्रस्ताव दिया है। चैनल 12 न्यूज के मुताबिक, पार्टी इसके बदले हरेदी यहूदियों को अनिवार्य सैन्य सेवा से छूट देने की मांग कर रही है। पार्टी के पास 7 सीटें हैं। वह आइजनकोट की सरकार में शामिल हुए बिना उसे समर्थन दे सकती है और संसद में उसके खिलाफ वोट नहीं करेगी। पार्टी के एक नेता ने कहा, नेतन्याहू से अब हमें कुछ नहीं मिलेगा। उनके साथ हमारा गठबंधन खत्म हो चुका है।

हालांकि, आइजनकोट सभी नागरिकों के लिए अनिवार्य सैन्य सेवा के पक्ष में हैं, जबकि यूनाइटेड टोरा जूडिज्म इसका विरोध करती है। ऐसे में दोनों के बीच सहमति बनना मुश्किल हो सकता है। गादी आइजनकोट ने नेतन्याहू पर चुनाव के नतीजों को बदनाम करने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि लिकुड पार्टी बहुमत हासिल नहीं कर सकी, इसलिए चुनाव पर सवाल उठा रही है।

आइजनकोट ने साफ किया कि वे संसद (नेसेट) की बैठक तय समय पर होने से रोकने नहीं देंगे।

डेमोक्रेट्स नेता गोलान ने आइजनकोट से मुलाकात की

डेमोक्रेट्स पार्टी के प्रमुख यायर गोलान ने याशर पार्टी के नेता गादी आइजनकोट से मुलाकात की है। गोलान ने कहा कि दोनों इजराइल की सुरक्षा के लिए लंबे समय तक काम कर चुके हैं और अब देश का बेहतर भविष्य सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी उनके सामने है। इससे कुछ घंटे पहले गोलान ने बियाचाद के नेता यायर लैपिड से भी मुलाकात की थी। सरकार बनाने की कोशिशों के बीच विपक्षी खेमे के दो नेताओं यायर गोलान और यायर लैपिड ने मुलाकात की है। दोनों ने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को सत्ता से हटाने और देश में बदलाव लाने के लिए साथ मिलकर काम करने की बात कही।

■ वर्ष-12 अंक-356 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

सुभाषितानि

सत्यं ब्रूयात् प्रियं ब्रूयात् न ब्रूयात् सत्यमप्रियम्।
नासत्यं च प्रियं ब्रूयात् एष धर्मः सनातनः॥

भावार्थ : सत्य और प्रिय बोलना चाहिए; पर अप्रिय सत्य नहीं बोलना और प्रिय असत्य भी नहीं बोलना यह सनातन धर्म है।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शुक्रवासरः 30 अक्टूबर, 2026

सत्यमेव जयते नानृतम् सत्येन पन्था विततो देवयानः।
येनाक्रमत् मनुष्यो ह्यात्मकामो यत्र तत् सत्यस्य परं निधानं॥

भावार्थ : जय सत्य का होता है, असत्य का नहीं। दैवी मार्ग सत्य से फैला हुआ है। जिस मार्ग पे जाने से मनुष्य आत्मकाम बनता है, वही सत्य का परम् धाम है।

सम्पादकीयम्

अस्माकं सामाजिकाः कानूनीव्यवस्थाः

अस्माकं गृहेषु वयं द्वितीयं पद्धतिं स्वीकुर्मः मशकानां निराकरणम्। तथापि अस्माकं सामाजिकाः कानूनीव्यवस्थाः च तस्य विपरीतमेव कुर्वन्ति। एतेषां बलात्कारिणः-मशकसदृशानां-निवारयितुं वा निराकरणस्य वा स्थाने ते भवन्तं गृहस्य चतुर्भित्तिषु निगूढं कर्तुं वदन्ति अस्य कारणद्वयम् अस्ति प्रथमं, पुलिस-प्रशासने च ये सन्ति तेषां प्राथमिकता अपराधनिवारणं न भवति, अपितु प्रकरणानाम् दूरं कथं करणीयम् इति चिन्तनं भवति द्वितीयं, तेषु बहवः बलात्कारिणः एव मानसिकतां धारयन्ति। केवलं दिवसद्वयं पूर्वं यूपीपुलिसस्य सीआरपीएफस्य च चत्वारः कर्मचारिणः सामूहिकबलात्कारस्य आरोपेण गृहीताः इति सूचना आसीत्। एतादृशे परिदृश्ये एषा अयोग्यः भ्रष्टा च व्यवस्था-मशकानाम् उन्मूलनं कर्तुं असमर्था-मात्रं भवन्तं स्वस्य मशकजालस्य अन्तः निगूढं कर्तुं वक्ष्यति तदेव तत् करोति। स्त्रियः कथ्यन्ते यत् जगत् दुष्टं स्थानम् अस्ति अतः तेषां स्वलोकान् संकुचयेत्। यदि च कश्चित् मन्यते यत् पुरुषः स्वस्य यौन-आग्रहं नियन्त्रयितुं न शक्नोति तर्हि पुरुषस्य अपि एषः कीदृशः संसारः? किं तस्य गौरवस्य सम्मानस्य कार्यम् अस्ति यत् तं न मानवरूपेण, अपितु तस्य जैविक-आवेगानां दासत्वेन द्रष्टुं शक्यते? अस्याः मानसिकतायाः विविधताः जगतः अन्येषु भागेषु अपि दृश्यन्ते। इटलीदेशस्य उपप्रधानमन्त्री विदेशमन्त्री च एण्टोनियो ताजानी आलोचनायाः सामनां कृतवान्-तदनन्तरं क्षमायाचनां च कृतवान्-महिलानां स्कर्टस्य दीर्घतां उत्तमपत्नयः मातरश्च इति क्षमतायाः सह सम्बद्धानि टिप्पण्यानि।

नाल्सा-निर्णयस्य पलटनस्य आग्रहः सर्वोच्चन्यायालये प्राप्तः;

पीआईएल हिजड़ापरिचयस्य आधार विनियमानाञ्च कानूनानां चुनौतीं ददाति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली



लैङ्गिकपरिचयस्य कानूनीमान्यतायाः विषये नूतनः कानूनीविवादः, तत्सम्बद्धानां आधिकारिकदस्तावेजानां संशोधनस्य प्रक्रियाणां च विषये सर्वोच्चन्यायालये प्राप्तः अस्ति। ब्रिटेन-आधारितस्य संस्थायाः महिला-घोषणा-अन्तर्राष्ट्रीयस्य भारतीय-अध्यायेन राष्ट्रीय-कानूनी-सेवा-प्राधिकरणस्य विरुद्ध-भारत-सङ्घस्य प्रकरणे सर्वोच्चन्यायालयस्य २०१४ तमे वर्षे महत्त्वपूर्णनिर्णयस्य अनन्तरं विकसितस्य नियामकरूपरेखायाः विषये प्रश्नं कृत्वा जनहित-मुकदमा दाखिलः अस्ति याचिकायां आरोपः अस्ति यत् एषा रूपरेखा जैविकमहिलानां अधिकारानां रक्षणानाञ्च प्रति स्थूलरूपेण भेदभावपूर्णा अस्ति। याचिकाकर्ता हिजड़ानां अधिकारान् नियन्त्रयन्तः कानूनानि, आधारपत्रे नाम लिंगं च परिवर्तयितुं प्रक्रियां च आव्हानं कृतवान् अस्ति।

याचिकायाः मूलतर्कः अस्ति यत् वर्तमानव्यवस्था-या लैङ्गिकपरिचयस्य आधारेण कानूनीदस्तावेजेषु परिवर्तनस्य अनुमतिः भवति-विशेषतः जैविकमहिलानां कृते अभिप्रेतानाम् अधिकारानां, रक्षणानाम्, सुविधानां च क्षतिं कर्तुं शक्नोति। अपि च, याचिकायां अभिव्यक्तिस्वातन्त्र्यस्य विषयः उत्थापितः अस्ति यत् विद्यमानव्यवस्था नागरिकेषु लैङ्गिकपरिचयसम्बद्धानि कतिपयानि विश्वासानि स्वीकुर्वितुं दबावं जनयति इति। परन्तु एते केवलं याचिकाकर्तायाः आरोपाः दावाः च इति ज्ञातव्यम्; न्यायालयः अद्यापि अस्मिन् विषये अन्तिमनिष्कर्षं न प्राप्तवान्।

२०१४ तमस्य वर्षस्य नाल्सा-निर्णयस्य विषये उत्थापिताः प्रश्नाः २०१४ तमे वर्षे सर्वोच्चन्यायालयेन राष्ट्रीयकानूनीसेवाप्राधिकरणविरुद्धभारतसङ्घः इति प्रकरणे ऐतिहासिकः निर्णयः दत्तः। अस्मिन् निर्णये हिजड़ानां परिचयस्य कानूनी मान्यतायाः, तेषां संवैधानिकाधिकारस्य रक्षणस्य च उपरि बलं दत्तम् आसीत्। न्यायालयेन उक्तं यत् लैङ्गिकपरिचयः व्यक्तिस्य गौरवस्य, स्वतन्त्रतायाः, समानतायाः च महत्त्वपूर्णः पक्षः अस्ति।

भारते हिजड़ासमुदायस्य अधिकाराणां कृते एषः निर्णयः महत्त्वपूर्णः माइलस्टोन् इति मन्यते। आत्मपरिचयः, गरिमापूर्णजीवनस्य अधिकारः, भेदभावविरुद्धरक्षणम् इत्यादयः विषयाः संवैधानिकप्रवचनस्य अग्रणीः अभवन्। प्रत्येकं व्यक्तिः स्वस्य लैङ्गिकपरिचयस्य अनुरूपं सम्मानं कानूनीसंरक्षणं च प्राप्तुं अर्हति इति स्थापयितुं अस्य निर्णयस्य महती भूमिका आसीत्। अधुना डब्ल्यूडीआई-सङ्घस्य भारतीय-अध्याये अस्य निर्णयस्य अनन्तरं विकसितस्य कानूनी-प्रशासनिक-रूपरेखायाः विषये आक्षेपाः उत्थापिताः सन्ति। याचिकाकर्ता तर्कयति यत् लैङ्गिकपरिचयस्य मान्यतायाः प्रक्रिया जैविकमहिलानां अधिकारेषु प्रभावं तेषां कृते स्थापितानां रक्षणानां च पर्याप्तरूपेण विचारं कर्तुं असफलतां प्राप्तवती अस्ति। याचिकायां नाल्सा-निर्णयस्य पलटनं अपि याच्यते।

एषा माङ्गलिका कानूनीरूपेण महत्त्वपूर्णा अस्ति, यतः एकस्य महत्त्वपूर्णस्य संवैधानिकनिर्णयस्य समीक्षायां वा विपर्ययने न्यायिकव्याख्यायाः, विद्यमानकायदानानां, संवैधानिकअधिकारस्य च व्यापकपरीक्षा भवति याचिकायाः दाखिलीकरणमात्रेण पूर्वनिर्णये तस्य आधारेण स्थापिते रूपरेखायां वा परिवर्तनं न भवति। हिजड़ाकानूनस्य चुनौतीपूर्णाः प्रावधानाः याचिकायां हिजड़ानां (अधिकारसंरक्षणम्) अधिनियमस्य कतिपयानां प्रावधानानाम् अपि आव्हानं कृतम् अस्ति, यत् हिजड़ानां व्यक्तिनां अधिकारानां रक्षणस्य विषये वर्तते। याचिकाकर्ता इत्यस्य मतं यत् अस्मिन् कानूनस्य अन्तर्गतं स्थापिता रूपरेखा जैविकमहिलानां अधिकारान्, सुरक्षां, कानूनानुसारं उपलब्धं प्रावधानं च

एतादृशेषु परिदृश्येषु

पत्रकारानां दायित्वं केवलं वक्तव्य प्रकाशनात्

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

उद्भवन्ति तथा च अपूर्णाः अथवा असत्यापिताः सूचनाः सामाजिकमाध्यमेषु तीव्रगत्या प्रसरितुं शक्नुवन्ति। एतादृशेषु परिदृश्येषु पत्रकारानां दायित्वं केवलं वक्तव्यप्रकाशनात् परं विस्तृतं भवति; पाठकान् दर्शकान् च प्रकटितानां घटनानां समीचीनं चित्रं दातुं तेषां उपलब्धतथ्यानि अपि सत्यापितव्यानि। लाइव कवरेजस्य समये संवेदनशीलपुलिस सामरिकसूचनाः साझां कर्तुं परिहरन्तु। प्रेस काउन्सिलेन सुरक्षा, परिचालनगोपनीयता च सम्बद्धानि चिन्तानि अपि सम्बोधितानि सन्ति। मार्गदर्शिकायाः अनुसारं पुलिसनियोजनं, सामरिकपरिचालनानि, सुरक्षितनिष्कासनमार्गाः वा इति विषये वास्तविकसमयविवरणं प्रसारणं वा प्रकाशितं वा न कर्तव्यं यदि एतत् कृत्वा जनसुरक्षायाः क्षतिः भवितुम् अर्हति अथवा पुलिसकार्यक्रमेषु खतरे भवितुं शक्नोति। पत्रकाराः घटनास्थले अवलोकनीयक्रियाकलापानाम् वर्णने ध्यानं दातुं सल्लाहं ददति। व्यक्तिनां अभिप्रायस्य, भावानाम्, प्रेरणानां वा विषये अनुमानं परिहर्तव्यं---स्थूलं आधारं विना। एतेन रिपोर्टिंग् तथ्यात्मकं एव तिष्ठति, अनावश्यकसङ्केतस्य प्रेरणायाः जोखिमः न्यूनीकरोति च।

कुलम् ३५ बोलीदातृभिः स्वस्य बोली प्रदत्ता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

मेयर जगतबहादुरसिंह 'अन्नू' इत्यनेन उक्तं यत् नगरपालिकायाः स्वच्छताव्यवस्थायाः प्रभावशीलतां वर्धयितुं नगरनिगमेन ठोसअपशिष्टप्रबन्धनस्य स्वच्छतासञ्चालनस्य च ऑनलाइननिविदानि आमन्त्रितानि। कुलम् ३५ बोलीदातृभिः स्वस्य बोली प्रदत्ता। नगरनिगमेन एतत् महत्त्वपूर्णविकासरूपेण प्रकाशितम्, यत् स्वच्छतासम्बद्धकाय्येर्षु स्वस्थप्रतिस्पर्धां, विभिन्नानां एजेन्सीनां प्रबलरुचिं च प्रतिबिम्बयति। तकनीकीदस्तावेजानां जाँचस्य अनन्तरं प्राप्तानां आक्षेपाणां स्पष्टीकरणानां च विश्लेषणस्य अनन्तरं १७ बोलीदातारः तकनीकीरूपेण योग्याः इति गणिताः।

राशिफल

मेष : आज का मेष राशि वालों का दिन काफी मजेदार साबित हो सकता है। आज कई रोमांचक अवसर मिल सकते हैं।

वृषभ : आज का दिन शुभ रहने वाला है। बदलाव आपको आगे ले जाएंगे। किसी दोस्त से मुलाकात हो सकती है।

मिथुन : आज का दिन सफलताओं से भरा है। ये दिन आपको प्यार, करियर और व्यक्तिगत विकास में वृद्धि की ओर ले जाएगा।

कर्क : आज के दिन अपनी मेंटल हेल्थ को इम्प्रूव करने पर अपना फोकस रखें। धन और स्वास्थ्य दोनों सकारात्मक रहने वाले हैं।

सिंह : आज का दिन नॉर्मल रहने वाला है। अपनी भावनाओं को एक्सप्रेस करें। प्यार में ईमानदार रहें और शक्की न बनें।

कन्या : चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा, जिससे व्यक्तिगत विकास, प्रेम, करियर और वित्तीय मामलों में अप्रत्याशित जीत मिलेगी।

तुला : आज के दिन आर्थिक परेशानियां रहेंगी। आज का दिन अवसरों, चुनौतियों और महत्वपूर्ण डीसीजन लेने का वादा करता है।

वृश्चिक : आज का दिन जीवन में बदलाव प्रेम, करियर और पैसों के मामले को सकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकते हैं।

धनु : आज का दिन शुभ रहने वाला है। लव के मामले में आपको कम्यूनिकेशन बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए।

मकर : आज के दिन सुबह में छोटे-मोटे वित्तीय मुद्दे आज स्मार्ट मौद्रिक मैनेजमेंट की मांग करते हैं।

कुंभ : आज के दिन धन आगमन के योग बन रहे हैं। आज का दिन पॉजिटिव रहने वाला है। आसपास के लोगों की हेल्प करें।

मीन : सेल्फ लव और केयर पर फोकस करें। स्किल्स आपको आकर्षक परियोजनाओं और लोगों की ओर आकर्षित करेगी।

भारत-न्यूजीलैंड चौथा टी-20 मुकाबला आज, अर्शदीप 150 विकेट लेने वाले पहले भारतीय बनेंगे

क्या ईशान लौटे तो नहीं खेलेंगे वैभव सूर्यवंशी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ऑकलैंड



भारत और न्यूजीलैंड के बीच चौथा टी-20 मुकाबला आज ऑकलैंड में दोपहर 12:30 से खेला जाएगा। मैच से पहले चर्चा इस बात की नहीं है कि भारत यह मुकाबला जीतेगा या नहीं। क्योंकि टीम इंडिया पहले ही 5 मैचों की सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त बना चुकी है।

डिबेट इस बात पर है कि सूर्यवंशी यह मैच खेलेंगे या नहीं। इसकी वजह है कि ईशान किशन ने नेट्स में बैटिंग प्रैक्टिस शुरू कर दी है। अब अगर उनकी प्लेइंग-11 में वापसी होती है, तो वैभव को बाहर बैठना पड़ सकता है।

ईशान को पहले टी-20 के दौरान ग्रोइन इंजरी हुई थी। इसके बाद दूसरे और तीसरे टी-20 मैच में सूर्यवंशी को मौका मिला। पिछले मैच में वैभव ने 19 गेंद में 45 रन बनाए थे। उन्होंने अभिषेक के साथ पहले विकेट के लिए सबसे तेज शतकीय साझेदारी का वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बनाया।

अर्शदीप और सैंटनर 150 विकेट से एक विकेट दूर- अर्शदीप सिंह ने 102 टी-20 इंटरनेशनल मैचों में 149 विकेट लिए हैं। वे एक और विकेट लेते ही टी-20 इंटरनेशनल में 150 विकेट पूरे करने वाले भारत के पहले गेंदबाज बन जाएंगे। दूसरी ओर न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर भी आज 150 विकेट पूरे कर सकते हैं। उनके भी 149 विकेट हैं। वे यह मुकाम हासिल करने वाले न्यूजीलैंड के तीसरे गेंदबाज बनेंगे। उनसे पहले ईश सोढ़ी और टिम साउदी यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं।

हेड टू हेड में भारत आगे- भारत और न्यूजीलैंड के बीच अब तक 34 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेले गए हैं। इनमें भारत ने 22 मुकाबले जीते हैं, जबकि न्यूजीलैंड को 11 मैच में जीत मिली है। एक मुकाबला टाई रहा है।

सैंटनर इकलौते गेंदबाज, जिनकी इकोनॉमी 7 से नीचे- सैंटनर इस सीरीज के सबसे सफल गेंदबाज रहे हैं। उन्होंने 3 मैचों में 7 विकेट लिए हैं। कमाल की बात है कि वे सीरीज के एकमात्र गेंदबाज हैं, जिन्होंने 9 से कम इकोनॉमी से रन खर्च किए हैं। उनकी इकोनॉमी 7 रही है। ग्लेन फिलिप्स ने सीरीज में टीम के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। उन्होंने 3 मैच में 169 रन बनाए। उनके अलावा न्यूजीलैंड को फिन एलन से भी तेज शुरूआत की उम्मीद होगी।

फर्ग्यूसन बाहर, फिशर को मौका मिल सकता है- तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन चोट के कारण बाकी टी-20 सीरीज से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह मैट फिशर को टीम में शामिल किया गया है। ब्लेयर टिकनर को भी प्लेइंग-11 में मौका मिल सकता है।

दोनों टीमों की पॉसिबल प्लेइंग-11-
भारत: अभिषेक शर्मा, वैभव सूर्यवंशी, संजू सैमसन (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर (कप्तान), तिलक वर्मा, नमन धीर, नीतीश कुमार रेड्डी/शिवम दुबे, अक्षर पटेल/कुलदीप यादव/वरुण चक्रवर्ती, भुवनेश्वर कुमार/मयंक यादव, प्रिंस यादव, अर्शदीप सिंह।

न्यूजीलैंड: फिन एलन, टिम सइफर्ट (विकेटकीपर), डेरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स, बेवन जैकब्स, माइकल ब्रेसवेल, मिचेल सैंटनर (कप्तान), एडम मिल्ने, जैकब डफी, मैट फिशर, ब्लेयर टिकनर/नाथन स्मिथ।

अभिषेक ने इस सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाए

अभिषेक शर्मा इस सीरीज के टॉप रन स्कोरर हैं। उन्होंने 3 मैच में 169 रन बनाए हैं। उनका स्ट्राइक रेट 238.02 का रहा है। पिछले मैच में उन्होंने 38 गेंद पर 113 रन की पारी खेली। उन्होंने इस पारी में 9 चौके और 11 छक्के लगाए। गेंदबाजी में अर्शदीप सिंह सीरीज में भारत के टॉप विकेट टेकर रहे हैं। उन्होंने 3 मैचों में 4 विकेट चटकाए हैं। वहीं अक्षर पटेल के नाम 2 विकेट है।

कुलदीप या वरुण को मिल सकता है मौका- सीरीज अपने नाम कर चुका भारत आखिरी 2 मैच में कुछ बदलाव कर सकता है। कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती को इस सीरीज में अब तक खेलने का मौका नहीं मिला है। टीम मैनेजमेंट इनमें से किसी एक को मौका दे सकता है।

ज्योतिष/वास्तु

5 दिसंबर को राहु-केतु बदलेंगे चाल

जानें किन राशियों को मिल सकते हैं नए अवसर

राहु-केतु गोचर 2026: 5 दिसंबर 2026 को शाम 7 बजकर 28 मिनट पर राहु कुंभ राशि से निकलकर मकर राशि में और केतु सिंह राशि से निकलकर कर्क राशि में प्रवेश करेंगे। इस बदलाव से मेष, वृषभ, मिथुन, सिंह, वृश्चिक, धनु और मीन राशि वालों को करियर, कारोबार और आर्थिक मामलों में नए अवसर मिल सकते हैं।

साल 2026 के आखिर में राहु और केतु का राशि परिवर्तन होने जा रहा है। ज्योतिष के लिहाज से इस बदलाव को अहम माना जा रहा है। 5 दिसंबर 2026 को शाम 7 बजकर 28 मिनट पर राहु मकर राशि में और केतु कर्क राशि में प्रवेश करेंगे। अभी राहु कुंभ और केतु सिंह राशि में हैं। दोनों ग्रहों का यह गोचर करीब डेढ़ साल तक अलग-अलग राशियों के जीवन को प्रभावित कर सकता है। हालांकि, इसका असर हर राशि पर एक जैसा नहीं रहेगा।

राहु-केतु का गोचर- वैदिक ज्योतिष में राहु और केतु को छाया ग्रह कहा जाता है। दोनों हमेशा एक-दूसरे से सातवें स्थान पर रहते हैं। राहु को अचानक होने वाले बदलाव, महत्वाकांक्षा, भ्रम और नई इच्छाओं से जोड़कर देखा जाता है। वहीं केतु को वैराग्य, आध्यात्मिकता और पुराने अनुभवों से सीखने का कारक माना जाता है।

5 दिसंबर को राहु कुंभ से निकलकर मकर राशि में जाएंगे। वहीं केतु सिंह राशि से निकलकर कर्क राशि में प्रवेश करेंगे। इस बदलाव के बाद करियर, आर्थिक स्थिति, पारिवारिक जीवन और रिश्तों से जुड़े मामलों में नई परिस्थितियां बन सकती हैं। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार, कुछ राशियों को आगे बढ़ने के मौके मिल सकते हैं, जबकि कुछ को फैसले लेते समय ज्यादा सावधानी रखनी होगी।

आइए जानते हैं, किन राशियों को होगा लाभ- मेष राशि- मेष राशि वालों के लिए यह गोचर करियर और कामकाज के लिहाज से महत्वपूर्ण हो सकता है। नौकरी में नई जिम्मेदारी मिलने या किसी नए काम की शुरूआत करने के मौके बन सकते हैं। जो लोग लंबे समय से अपने काम में बदलाव करना चाहते हैं, उन्हें नए विकल्पों पर विचार करने का अवसर मिल सकता है। कारोबार करने वालों को योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ना होगा। जल्दबाजी में निवेश करने से बचें।

वृषभ राशि- वृषभ राशि वालों के लिए आर्थिक मामलों में नई संभावनाएं बन सकती हैं। आय बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों में गति आ सकती है। नौकरी बदलने या अतिरिक्त कमाई के विकल्प तलाशने वालों को कुछ अवसर मिल सकते हैं। हालांकि, खर्चों पर नियंत्रण रखना जरूरी होगा। परिवार के साथ बातचीत में स्पष्टता रखें और किसी भी बड़े आर्थिक फैसले से पहले सभी पहलुओं पर विचार करें।

मिथुन राशि- मिथुन राशि के जातकों को करियर और अपनी योजनाओं पर खास ध्यान देना होगा। नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं और काम करने का तरीका बदल सकता है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को नियमित पढ़ाई पर ध्यान देना चाहिए। कारोबार में नए संपर्क बन सकते हैं। किसी भी प्रस्ताव को स्वीकार करने से पहले उसकी शर्तें अच्छी तरह समझ लें।

सिंह राशि- सिंह राशि वालों के लिए केतु का सिंह से निकलना ज्योतिषीय दृष्टि से एक महत्वपूर्ण बदलाव है। कुछ लोगों को अपने पुराने फैसलों और योजनाओं पर दोबारा विचार करने का मौका मिल सकता है। करियर में नई दिशा तलाशने की इच्छा बढ़ सकती है। रिश्तों में अपनी बात साफ तरीके से रखना जरूरी होगा। किसी भी बदलाव को लेकर जल्दबाजी करने के बजाय स्थिति को समझकर आगे बढ़ें।

वृश्चिक राशि- वृश्चिक राशि के जातकों को आर्थिक और व्यावसायिक मामलों में नए अवसर मिल सकते हैं। पुराने प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने या किसी नई योजना पर काम शुरू करने का विचार बन सकता है। नौकरी करने वालों को अपनी जिम्मेदारियों पर ध्यान देना होगा। निवेश और साझेदारी से जुड़े मामलों में दस्तावेज अच्छी तरह पढ़ें। केवल किसी के कहने पर बड़ा आर्थिक फैसला न लें।

राहु-केतु के गोचर का असर कब तक रहेगा- ज्योतिषीय गणना के अनुसार, 5 दिसंबर 2026 को होने वाले इस राशि परिवर्तन के बाद राहु मकर और केतु कर्क राशि में करीब 24 जून 2028 तक रह सकते हैं। इस दौरान दोनों ग्रहों की स्थिति में होने वाले बदलावों को ज्योतिष में महत्वपूर्ण माना जाएगा।

रणजी ट्रॉफी- तनुष कोटियन के 8 विकेट से मुंबई जीता

बंगाल ने केरल को 287 रन से हराया, सौराष्ट्र और तमिलनाडु भी जीते

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



रणजी ट्रॉफी के मुकाबलों में मुंबई और सौराष्ट्र ने बड़ी जीत दर्ज की। मुंबई के स्पिनर तनुष कोटियन ने दूसरी पारी में 8 विकेट लिए। इसकी बदौलत टीम ने फॉलोऑन देने के बाद हरियाणा की दूसरी पारी 256 रन पर समेट दी। फिर बिना विकेट गंवाए 97 रन का टारगेट हासिल कर लिया।

वहीं सौराष्ट्र के लेफ्ट आर्म स्पिनर पार्थ भूट ने भी दूसरी पारी में 8 विकेट हासिल किए। इसकी बदौलत सौराष्ट्र ने असम को पारी और 12 रन से हरा दिया। वहीं बंगाल ने केरल को 287 रन से हराकर बड़ी जीत दर्ज की।

अंगकृष रघुवंशी ने 39 गेंद पर 67 रन की तेज पारी खेली- मुंबई के तनुष कोटियन ने हरियाणा की दूसरी पारी में 81 रन देकर 8 विकेट लिए। उन्होंने आखिरी दिन शुरूआती विकेट लेने के बाद लगातार दबाव बनाए रखा। कोटियन ने हिमांशु राणा (46), निशांत सिंधु (44) और निचले क्रम के बल्लेबाजों को आउट किया।

हरियाणा की दूसरी पारी सिमटने के बाद मुंबई को 97 रन का लक्ष्य मिला, जिसे टीम ने बिना विकेट गंवाए हासिल कर लिया। मुंबई की ओर से अंगकृष रघुवंशी ने 39 गेंद पर नाबाद 67 रन बनाए। उन्होंने पहली पारी में भी शतक लगाया था। मुंबई ने 11 ओवर से कम में लक्ष्य हासिल कर लिया। बंगाल के प्रदीप्त प्रमाणिक ने केरल की दूसरी पारी में 51 रन देकर 6 विकेट लिए। उन्होंने तीसरे दिन दूसरी पारी में गिरे चारों विकेट लिए थे और चौथे दिन सुबह दो और विकेट हासिल किए। केरल की टीम दूसरी पारी में 120 रन पर सिमट गई। बंगाल ने यह मुकाबला 287 रन से जीता।

विदर्भ ने गोवा को पारी और 27 रन से हराया

विदर्भ के हर्ष दुबे ने गोवा की दूसरी पारी में 38 रन देकर 4 विकेट लिए। उन्होंने अर्धशतक बनाने वाले मंथन खुटकर (70) को आउट करने के बाद यश कसवांकर का विकेट लिया। इसके बाद निचले क्रम को समेटकर गोवा की दूसरी पारी 195 रन पर खत्म की। विदर्भ ने पारी और 27 रन से जीत दर्ज की। कर्नाटक के कप्तान श्रेयस गोपाल ने त्रिपुरा की दूसरी पारी में 36 रन देकर 5 विकेट लिए। त्रिपुरा की टीम दूसरी पारी में 180 रन ही बना सकी। कर्नाटक ने यह मुकाबला पारी और 116 रन से जीता। रेलवे के गेंदबाज तौफिक उद्दीन मंडल ने तमिलनाडु की दूसरी पारी में 50 रन देकर 4 विकेट लिए। उन्होंने दूसरी पारी में गिरे पांच में से चार विकेट हासिल किए, लेकिन रेलवे को जीत नहीं दिला सके। तमिलनाडु ने 128 रन का लक्ष्य हासिल कर मुकाबला अपने नाम किया।

मुंबई इंडियंस से अलग हुए लसिथ मलिंगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2027 से पहले अपने कोचिंग स्टाफ 3 और बड़े बदलाव किए हैं। टीम ने लंबे समय तक टीम का हिस्सा रहे तेज गेंदबाजी कोच लसिथ मलिंगा, बॉलिंग कोच पारस म्हाम्ब्रे और फील्डिंग कोच कार्ल हॉपकिन्सन को हटा दिया है। मलिंगा 11 सीजन मुंबई इंडियंस के लिए खेले। वे 2008 से 2017 तक टीम के मुख्य गेंदबाज रहे। फिर 2018 में फ्रेंचाइजी ने उन्हें बॉलिंग मेंटर बनाया। फिर 2019 में उन्होंने खिलाड़ी के तौर पर टीम में वापसी की। इसके बाद वे पिछले 3 सीजन तक बॉलिंग कोच रहे। फ्रेंचाइजी ने गुरुवार को इसकी घोषणा की। मुंबई ने अभी तक इन तीनों के रिप्लेसमेंट का ऐलान नहीं किया है। इससे पहले फ्रेंचाइजी ने महेला जयवर्धने की जगह कीरोन पोलार्ड को हेड कोच बनाया था। लसिथ मलिंगा अक्टूबर 2023 में मुंबई इंडियंस से जुड़े थे। उन्होंने आईपीएल 2024 से टीम के साथ तेज गेंदबाजी के तौर पर काम शुरू किया। पारस म्हाम्ब्रे और कार्ल हॉपकिन्सन आईपीएल 2025 से पहले कोचिंग स्टाफ का हिस्सा बने थे।

खबर एक नजर...

कार्रवाई के दौरान बिजली विभाग के कर्मचारियों से मारपीट

उज्जैन। इंगोरिया थाना क्षेत्र के ग्राम खरसोद खुर्द वितरण केंद्र के लाइन स्टाफ के साथ बुधवार को गाली-गलौज और मारपीट की घटना हो गई। बताया जा रहा है कि दोपहर लगभग 3 बजे वितरण केंद्र का लाइन स्टाफ ईश्वरसिंह पूरालाल भिलाला अपने साथी कर्मचारियों के साथ सिंचाई बिल वसूली और टी.सी. की जांच के लिये के लिए फील्ड में गया था। इस दौरान एक खेत पर जांच के दौरान अर्जुन पंड्या, श्याम पंड्या और तीन महिलाओं द्वारा लाइन स्टाफ के साथ गाली-गलौज की गई। बिजली कर्मचारी ईश्वरसिंह ने नियमानुसार स्टार्टर जब्त करने की बात कही, तो विवाद बढ़ गया और पंड्या परिवार ने मारपीट शुरू कर दी। कुछ ग्रामीणों ने हस्तक्षेप कर मामला शांत किया। घटना के बाद कर्मचारियों मामले की शिकायत दर्ज कराने इंगोरिया थाने पहुंचे। कर्मचारियों के साथ मारपीट की खबर लगते ही खरसोद खुर्द बिजली वितरण केंद्र का स्टाफ भी थाने पर एकत्रित गया था। उन्होने सुरक्षा और उचित कार्रवाई की मांग रखी। पुलिस ने मामले में मारपीट करने वालों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया। बताया जा रहा है कि कर्मचारियों से हुई मारपीट का पता चलने पर बड़नगर बिजली केन्द्र के अधिकारी भी इंगोरिया आ गये थे।

हत्या में शामिल 3 आरोपियों का निकाला जुलूस

उज्जैन। माकडोन के ग्राम भरियाखेड़ी में 25 अक्टूबर की रात खेत हांकने और रास्ते को लेकर हुये विवाद में जीवन पिता रामकिशन शर्मा 40 साल की राजाराम उर्फ नंदकिशोर पिता बाबूलाल शर्मा, कृष्णपाल पिता राजाराम उर्फ नंदकिशोर शर्मा और वीरेंद्र पिता राजाराम उर्फ नंदकिशोर शर्मा ने लोहे की रॉड और डंडे से हमला कर हत्या कर दी थी। मामले में पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज कर 27 अक्टूबर को तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। जिन्हे 28 अक्टूबर को कोर्ट में पेश कर 2 दिनों की रिमांड पर लिया गया था। गुरूवार को तीनों का गांव में जुलूस निकाला गया। विदित हो कि हत्या से चार दिन पहले दशहरा पर्व में मृतक परिवार और आरोपी परिवार का विवाद हुआ था। उस दौरान दोनों पक्षों में राजीनामा हो गया था, बावजूद एक पक्ष ने हत्या को अंजाम दिया था। थाना प्रभारी प्रदीपसिंह राजपूत ने बताया कि हत्या में एक आरोपी बाबूलाल पिता स्वर्गीय कन्हैयालाल शर्मा फरार है। जिसकी तलाश जारी है। गिरफ्तार तीनों आरोपियों का शुक्रवार को रिमांड खत्म होने पर न्यायालय में पेश किया जायेगा।

ग्रामीण ने शराब के साथ कीटनाशक मिलाकर पिया

उज्जैन। झारड़ा के ग्राम काचरिया में रहने वाले तेजूलाल पिता किशनलाल 45 साल ने बुधवार को शराब के साथ मिलकर कीटनाशक पी लिया था। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे उपचार के लिये उज्जैन लेकर आये थे। रात में तेजूलाल की मौत हो गई। गुरूवार सुबह पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान भाई दयाराम ने बताया कि तेजूलाल मजदूरी करता था उसके 2 बच्चे है। 5 साल पहले पत्नी छोड़कर चली गई थी, उसके बाद अधिक शराब पीने लगा था। पुलिस के अनुसार परिजनों के बयान दर्ज कर कीटनाशक पीकर जाने देने की वजह का पता लगाया जायेगा।

बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत

उज्जैन। घट्टिया तहसील के ग्राम बिहारिया में रहने वाले गोकुल पिता रघुनाथ सेन 40 साल को बुधवार शाम जीरो पाइंट के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। गंभीर घायल होने पर गोकुल को उपचार के लिये चरक अस्पताल लाया गया। जहां देर शाम उसकी मौत हो गई। गुरूवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा। इस दौरान सामने आया कि गोकुल गांव में हेयर सेलून की दुकान चलाता था और एक बच्चे का पिता था। शाम को बाइक से गैस की टंकी लेने जा रहा था उसी दौरान दुर्घटना हुई। घट्टिया पुलिस के अनुसार मामले में मर्ग कायम किया गया है। दुर्घटनास्थल के आसपास लगे कैमरों के फुटेज देख टक्कर मारने वाले वाहन का पता लगाया जायेगा।

बदमाशों ने सूना मकान में दिया चोरी को अंजाम

उज्जैन। बदमाशों ने बुधवार-गुरूवार रात सूना मकान देख चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। परिवार इंदौर गया हुआ था। सुबह पड़ोसी की सूचना पर वापस लौटा। पुलिस सूचना मिलने पर जांच-पड़ताल के लिये वारदात स्थल पहुंच गई थी। कानीपुरा मार्ग पर गिरीराज रतन कालोनी में मनीष काले का मकान बना हुआ है। बुधवार को मौसी का निधन होने पर परिवार इंदौर अंतिम संस्कार में शामिल होने चला गया था, मकान सूना पड़ा था। रात में बदमाशों ने ताला तोड़ा और चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। सुबह कचरा गाड़ी आने पर पड़ोसी बाहर आये तो उन्होने मकान का ताला टूटा देखा, अंदर देखने पर सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। चोरी की सूचना परिवार को दी गई। कुछ घंटे बाद परिवार के लौटने पर पुलिस जांच-पड़ताल के लिये मौके पर पहुंची। इस दौरान सामने आया कि ज्यादा सामान चोरी नहीं हुआ है। वाबजूद ताला टूटने और कुछ सामान चोरी होने पर पुलिस ने पड़ोसी के यहां लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। पड़ोसी के यहां लगा कैमरा बंद होना सामने आया। पुलिस कालोनी में आने और जाने वाले मार्ग पर लगे कैमरों के फुटेज देख रही है।

दिन	130-4	558-8
मेन बाजार	247-3	234-9
मिलन डे	357-5	145-0
मिलन नाइट	266-4	357-5

5 8 0

खड़े हनुमान मंदिर मे प्रतिमा की स्कैनिंग करने पहुंची भोपाल की टीम

प्रतिमा की जांच करते समय उपकरण की बैटरी हुई डिस्चार्ज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन के खड़े हनुमान मंदिर में प्रतिमा की स्कैनिंग करने भोपाल से उज्जैन पहुंची विशेषज्ञों की टीम जब खड़े हनुमान मंदिर पहुंचकर इलेक्ट्रिक उपकरणों से प्रतिमा की स्कैनिंग कर प्रतिमा की गहराई व नीचे की संरचनाओं की जांच कर रही थी इसी दौरान मशीन की बैटरी डिस्चार्ज हो गई और कुछ देर तक कोशिश करने के बाद वापस बैटरी को चार्ज किया गया। लेकिन उसके बाद बिना कोई आधिकारिक बयान देखकर टीम वापस लौट गई। खड़े हनुमान मंदिर की प्रतिमा को हटाने के कई बार प्रयत्न किए गए लेकिन हर बार कुछ ना कुछ ऐसी घटना घटित हो रही





है जिसे भक्त चमत्कार के रूप में देख रहे हैं लोगों का कहना है कि पिछले डेढ़ महीने से खड़े हनुमान टेंट में विराजमान है।

जांच के दौरान चमत्कार जैसा नजारा देखने को मिला- उज्जैन के खड़े हनुमान मंदिर में स्थापित प्राचीन प्रतिमा को हटाने का मामला एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है मंदिर का ढांचा हटाए जाने के डेढ महिने बाद बुधवार गुरुवार की दरमियानी रात भोपाल से आई विशेषज्ञों की टीम खड़े हनुमान मंदिर पर मशीन व इलेक्ट्रॉनिक उपकरण से प्रतिमा की जांच करने पहुंची थी। लेकिन प्रतिमा की जांच के दौरान चमत्कार जैसा नजारा देखने को मिला। जब विशेषज्ञों की टीम खड़े हनुमान मंदिर पहुंचकर प्रतिमा की मशीनों से स्कैनिंग कर रही थी इसी बीच मंदिर में मौजूद लोगों द्वारा कहा जा रहा है कि जिन उपकरणों से टीम के लोग प्रतिमा की स्कैनिंग कर रहे थे। उस समय इलेक्ट्रिक उपकरण की बैटरी डिस्चार्ज हो गई । बताया जाता है कि एसडीएम एलएन गर्ग सहित अधिकारियों की टीम करीब डेढ़ घंटे तक मौके पर मौजूद रही और स्कैनिंग के जरिए प्रतिमा की गहराई को नापती रही। लेकिन इसके बाद टीम बिना कोई आधिकारिक बयान दिए लौट गई। डेढ़ महीना बीत गया है लेकिन अभी तक खड़े हनुमान जी की प्रतिमा टेंट के नीचे ही विराजमान है। प्रशासन समाधान के बजाय प्रतिमा को यहां से अन्य जगह स्थापित करना चाहता है।

रिमांड पर मादक पदार्थ के साथ हिरासत में आये युवक

एक पास मिली एमडी ड्रग्स तो दूसरे के पास स्मैक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

धार्मिक नगरी को नशा मुक्त बनाने के अभियान में एक बार फिर 2 युवकों को हिरासत में लिया गया है। एक के पास से एमडी ड्रग्स बरामद हुई तो दूसरे के पास से स्मैक मिली है। दोनों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है।

बड़नगर थाना पुलिस द्वारा बुधवार रात कस्बे में वाहन चैकिंग का पाइंट लगाया गया था। रूनिजा की ओर से बाइक सवार आया। उसने पुलिस को चैकिंग करते देखा तो भागने का प्रयास किया। उसकी बाइक पर नम्बर प्लेट नहीं थी, पुलिस टीम ने उसे भागते देखा तो पीछा कर हिरासत में लिया। उससे बाइक के दस्तावेज मांगे गये, नहीं होने पर तलाशी ली गई तो उसके पास से 15 ग्राम स्मैक बरामद हो गई। थाने लाकर पूछताछ करने पर उसने अपना नाम नासिर पिता जाकिर हुसैन नटराज टॉकिज बड़नगर बताया। एसआई सुनील परमार ने बताया कि बरामद स्मैक की कीमत डेढ़ लाख रुपए सामने आई है। मामले में एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज कर गुरूवार को न्यायालय में पेश किया गया था, जहां से 2 दिनों की पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है। आरोपी का अपराधिक रिकार्ड खंगालने पर पूर्व में भी 4 प्रकरण दर्ज होना सामने आये है।



नीलगंगा पुलिस ने जप्त की 17 ग्राम ड्रग्स- जिले में चलाये जा रहे एंटी नारकोटिक्स अभियान में नीलगंगा थाना पुलिस द्वारा बुधवार को मुखबीर की सूचना पर सांवराखेड़ी पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास से कालू उर्फ करण पिता राकेश जगदेव निवासी राजीव रत्न कालोनी को हिरासत में लिया। उसके पास से 17.25 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की गई। एसआई यादवेन्द्र परिहार ने बताया कि ड्रग्स डेढ़ लाख कीमत की है। आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी 8 प्रकरण दर्ज है। गुरूवार को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया गया है।

57 आरोपियों पर घोषित हुआ इनाम

मादक पदार्थ तस्करी में शामिल 57 आरोपियों के खिलाफ गुरूवार को पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा द्वारा 10-10 हजार का इनाम घोषित किया गया है। जिले में पुलिस ने पिछले 26 सालों में 40 प्रकरण दर्ज किये थे। आरोपी जमानत मिलने के बाद फरार हो गये थे। जिनके खिलाफ न्यायायल से वारंट जारी हो चुके है। पुलिस के लगातार प्रयासों के बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो पा रही है। पुलिस अधीक्षक द्वारा फरार आरोपियों की सूचना देने वाले का नाम गुप्त कर इनाम देने की घोषण की है।

नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले को 20 साल की सजा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले और फोटो वीडियो वायरल करने की धमकी देने वाले आरोपी को न्यायालय ने 16 माह बाद 20 साल की सजा सुनाई है। आरोपी पर अर्थदंड भी लगाया गया है। उपनिदेशक अभियोजन राजेन्द्र कुमार खांडेगर ने बताया कि 23 जून 2025 को पीड़िता 15 साल 9 माह की बालिका ने महिदपुर थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराई थी कि वह कक्षा दसवीं तक पढ़ी है। वर्ष 2019 में माता-पिता इंदौर रहने चले गये थे। वह दादा-दादी के साथ रहती थी। कक्षा 9 वीं की पढ़ाई के दौरान 2023 में उसकी पहचान साथ में कोचिंग पढ़ने वाले भावेश पिता सोनू योगी से हुई थी। उसके द्वारा पसंद करने की बात कहीं थी। दिसंबर 2023 को घर पर अकेली थी उसी दौरान भावेश आया और कोचिंग संबंधित बात करने के बहाने घर में आ गया। उस दौरान उसने झांसे में लेकर शारीरिक संबंध बना लिये और धमकी दी कि यदि यह बात किसी को बताई तो उसे जान से खत्म कर देगा। उसके बाद से लगातार वह जबरदस्ती संबंध बनाने लगा। उसकी हरकतों से परेशान होकर माता-पिता के घर इंदौर चली गई थी। भावेश ने फोन कर धमकाया कि वापस महिदपुर नहीं आई तो उसके फोटो-वीडियो इंस्टाग्राम पर वायरल कर बदनाम कर देगा। पुलिस ने मामला गंभीर होने पर धारा 64, 64(2)एम, 65(1), 296, 351(3) और 5 एल/6, 3/4 पॉस्को एक्ट का प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया। अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद शुरू हुई सुनवाई 16 माह तक चली। गुरूवार को विशेष न्यायाधीश पास्को अधिनियम एंव तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश कमलेश सनोडिया द्वारा फैसला सुनाते हुये आरोपी को 20 साल कठोर कारावास और 13 हजार अर्थदंड से दंडित किया। प्रकरण में कमल सिंह गोयल, विशेष लोक अभियोजक महिदपुर द्वारा पैरवी की गई।

हिरासत में चलती कार में गैंगरेप का मुख्य आरोपी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

चलती कार में युवती के साथ गैंगरेप का मुख्य आरोपी गुरूवार शाम पुलिस की हिरासत में आ गया। पूछताछ में उसके साथी का नाम सामने आया, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। मुख्य आरोपी को शुक्रवार दोपहर न्यायालय में पेश किया जायेगा।

नानाखेड़ा थाने पर 26 अक्टूबर की रात इंदौर की रहने वाली 19 वर्षीय युवती पहुंची थी और अपने साथ चलती कार में 2 युवकों द्वारा गैंगरप करना बताया था। युवती के अनुसार मुख्य आरोपी चक्रेश जैन निवासी जयसिंहपुरा था। पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर चक्रेश जैन की तलाश शुरू की थी। 2 दिन बाद गुरूवार शाम चक्रेश को मंदसौर से पुलिस द्वारा हिरासत में ले लिया गया। जिसे देर शाम उज्जैन लाया गया। थाना प्रभारी नरेन्द्र यादव ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में उसके दूसरे साथी का नाम राजेश पंथी सामने आया है। जिसकी तलाश में एक टीम रवाना की गई है। चक्रेश को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया जायेगा।

इंस्टाग्राम पर हुई थी दोनों की दोस्ती- युवती ने शिकायत में बताया था कि चक्रेश से उसकी दोस्ती इंस्टाग्राम पर हुई थी। 26 अक्टूबर को मिलने उज्जैन आई थी। चक्रेश ने मेघदूत होटल के सामने से कार में बैठाया था। उसका एक साथी ओर गया था। दोनों ने चलती कार में उसके साथ गलत काम किया और इंदौर में छोड़कर भाग निकले थे। वह मुंह बोले भाई के साथ आधी रात को उज्जैन लौटी थी और पुलिस को लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने मेडिकल परीक्षण के बाद मामले में प्रकरण दर्ज किया था।

चक्रेश के परिवार ने की जांच की मांग- चक्रेश जैन के खिलाफ दर्ज हुये प्रकरण के बाद उसका परिवार भी युवती की शिकायत लेकर नानाखेड़ा पहुंचा था और ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया था। परिवार का कहना था कि चक्रेश प्रापर्टी का काम करता है। उसे हनी ट्रेप में फंसाया गया है। पुलिस ने परिवार की लिखित शिकायत पर जांच का आश्वासन दिया है।

पारिवारिक विवाद में 2 महिलाओं ने लगाई फांसी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पारिवारिक विवाद में बुधवार-गुरूवार के बीच गुजरे 12 घंटे में 2 महिलाओं ने फांसी लगाकर अपने जीवन का अंत कर लिया। दोनों मामलों में पति पर आरोप लगे है। जिसकी जांच परिजनों के बयान दर्ज कर शुरू की जायेगी।

चिमनगंज थाना क्षेत्र के सम्राटनगर में बुधवार रात सुनीता प्रजापत 42 साल ने पति परवेज खान से विवाद होने के बाद कमरे का दरवाजा बंद कर लिया था। काफी देर तक दरवाजा नहीं खुला तो पुत्र कुंदन ने प्रयास किया। अंदर से जवाब नहीं मिलने पर पुत्र छत पर चढ़ा और झांका तो मां को फंदे पर लटका देखा। पुत्र ने छत से कूदकर दरवाजा खोला और फंदे से मां को उतारकर अस्पताल लाया। डॉक्टरों ने मृत घोषित कर पुलिस को सूचना दी। गुरूवार सुबह पोस्टमार्टम के दौरान पुत्र ने बताया कि मां का मायका जयसिंहपुरा में है। मां की शादी मंदसौर में हुई थी। 10 साल पहले वह विवाद के चलते उज्जैन आ गई थी और परवेज से पहचान होने पर शादी कर ली थी। दोनों के



बीच आये दिन विवाद होता था रात में विवाद के बाद मां ने दरवाजा बंद कर लिया था। पुलिस के अनुसार मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया है। मायके पक्ष के लोग अस्पताल पहुंच गये थे, लेकिन पति नहीं आया था। सुनीता का शव मायके पक्ष के लोग अंतिम संस्कार के लिये अपने साथ ले गये है। दूसरा मामला चिंतामण थाना क्षेत्र के ग्राम मुंडला सुलेमान का है। यहां रहने वाली खुशबू पति मेहतांश चौधरी 19 साल ने गुरूवार सुबह फांसी लगाकर अपने जीवन का अंत कर लिया। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल लाया गया। इस दौरान सामने आया कि खुशबू की शादी सालभर पहले हुई थी। मायके पक्ष से आये परिजनों ने पति पर प्रताड़ित करने के आरोप लगाये। पुलिस ने मामला नवविवाहिता से जुड़ा होने पर सीएसपी स्तर के अधिकारी से जांच कराने की बात कहीं है।

युवक भी फंदे पर लटका मिला

चिमनगंज थाना क्षेत्र के विराटनगर में गुरूवार सुबह श्रीराम पिता मांगीलाल मकवाना 21 साल भी रस्सी के फंदे से घर में लटका मिला। श्रीराम अकेला था, सुबह दरवाजा नहीं खुलने पर पड़ोसियों ने रिश्तेदारों को सूचना दी थी। जिनके आने पर पुलिस की मौजूदगी में दरवाजा तोड़ा गया। परिजनों ने बताया कि घटना के समय उसकी मां भाई के यहां गई हुई थी। पिता खेत पर बने मकान पर थे। पुलिस के अनुसार आत्महत्या का कारण सामने नहीं आया है। मृतक अविवाहित था।

नगर निगम की टीम ने भवन स्वामी को पूर्व में जारी किया था नोटिस

रात 3 बजे पोकलेन से हटाया जर्जर भवन

निगम अधिकारियों का दावा भवन की खतरनाक स्थिति को देखते हुए कार्रवाई की

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नगर निगम की टीम द्वारा बुधवार -गुरुवार देर रात फ्रीगंज क्षेत्र में जर्जर एवं गिराऊ भवन को हटाने की कार्रवाई की गई। रात 3 बजे भी अलर्ट मोड पर सक्रिय नगर निगम की टीम ने गुरुद्वारे के सामने धनवंतरी मार्ग स्थित अत्यंत जर्जर एवं जीर्ण-शीर्ण भवन को पोकलेन मशीन की सहायता से हटाया गया है। नगर निगम अधिकारियों का दावा है कि नागरिकों की सुरक्षा को देखते हुए यह कार्रवाई की गई है। भवन स्वामी मुकुल चोबले को पूर्व में नोटिस जारी किया गया था।

नगर निगम की और से जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि नगर निगम द्वारा भवन की खतरनाक स्थिति को देखते हुए पूर्व में ही भवन स्वामी को नोटिस जारी कर सूचित किया गया था। साथ ही भवन पर सूचना फ्लेक्स भी लगाए गए थे, जिनके माध्यम से भवन की जर्जर एवं खतरनाक स्थिति के संबंध में चेतावनी दी गई थी। देर रात कार्रवाई करने के पीछे बताया गया है कि संभावित दुर्घटना की आशंका को रोकने के उद्देश्य एवं यातायात एवं आवागमन बाधित न हो इस लिए इसे रात में अंजाम दिया गया। उक्त कार्रवाई भवन अधिकारी लक्ष्मण प्रसाद साहू, सहायक यंत्री अर्जुन राजपूत एवं भवन निरीक्षक आनंद परमार के नेतृत्व में नगर निगम की रिमूवल गैंग द्वारा की गई।

सीवरेज कार्यो की समस्या का तत्काल समाधान हो- महापौर मुकेश टटवाल ने गुरुवार को सीवरेज प्रोजेक्ट की समीक्षा बैठक में संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सीवरेज कार्यों के कारण शहर के किसी भी वार्ड में नागरिकों को अनावश्यक परेशानी नहीं होनी चाहिए। सीवरेज संबंधी समस्याओं का तत्काल निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा जहां भी समस्या सामने आए, वहां बिना विलंब कार्रवाई की जाए। जहां चैंबर ओवरफ्लो होने की समस्या आ रही हे उसका तत्काल समाधान किया जाए। जिन स्थानों पर चैंबर तक हाउस कनेक्शन नहीं जोड़े गए हैं, वहां कनेक्शन जोड़ने की कार्रवाई शीघ्र पूरी की जाए। इसके साथ ही सीवरेज चैंबर एवं कार्यों के दौरान खोदे गए गड्ढों की मरम्मत भी प्राथमिकता से की जाए, ताकि नागरिकों को आवागमन में परेशानी न हो।

बाजारों का संचालन सुगम बनाने के निर्देश

त्योहारों एवं पर्वों को दृष्टिगत रखते हुए महापौर मुकेश टटवाल ने गुरुवार को नगर निगम के बाजार वसूलीकताओं के साथ बैठक कर शहर के बाजारों में लगने वाली दुकानों एवं बाजारों के सुगम संचालन को लेकर चर्चा की। निर्देश दिए कि त्योहारों के दौरान व्यापारियों के रोजगार एवं व्यवसाय पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े तथा बाजारों में व्यापार सुचारू रूप से संचालित हो। इसके साथ ही नागरिकों को आवागमन एवं यातायात में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए।

नगर निगम का विशेष सम्मिलन आज

उज्जैन नगर पालिक निगम का विशेष सम्मिलन शुक्रवार 30 अक्टूबर को समय प्रातः 11.30 बजे से पंडित अटल बिहारी वाजपेई सभागृह छत्रपति शिवाजी भवन उज्जैन नगर पालिक निगम के सभागृह में आयोजित किया जाएगा। जिसमें विचारार्थ रखे जाने वाले 27 प्रकरणों पर चर्चा की जाएगी।

केंद्रीय जेल में दिखा प्रेम और विश्वास का अनूठा संगम

21 महिला बंदियों ने पतियों के साथ खोला व्रत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

करवा चौथ का पर्व पति-पत्नी के प्रेम, विश्वास और समर्पण का प्रतीक है। इस पर्व पर केंद्रीय जेल भैरवगढ़ में भी भावनाओं से जुड़ा एक विशेष आयोजन किया गया। जेल में बंद 21 महिला बंदियों ने करवा चौथ का व्रत रखा। शाम को जेल प्रशासन की ओर से महिला बंदियों की उनके बंदी पति से विशेष मुलाकात करवाई गई। बंदी पति-पत्नियों ने साथ बैठकर पूजन किया और पतियों के हाथों पानी पीकर व्रत खोला।

केंद्रीय जेल अधीक्षक मनोज कुमार साहू ने बताया कि करवा चौथ के अवसर पर व्रत रखने वाली महिला बंदियों के लिए जेल के सांस्कृतिक भवन में विशेष मुलाकात की व्यवस्था की गई थी। जेल प्रशासन की ओर से बंदी दंपतियों को पूजन की थाली, पूजन सामग्री, दीपक और करवा (कलश) उपलब्ध कराया गया। इसके बाद विधि-विधान से पूजन-पाठ करवाया गया। करवां चौथ की



परंपरा को बिना चांद दिखाये पूरा कराया गया। जेल परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पति-पत्नी को साथ समय बिताने और पर्व की परंपराओं का निर्वहन करने का मौका दिया गया, पतियों के हाथों पानी पीकर व्रत खोलने के दौरान महिला बंदियों के चेहरे पर खुशी नजर आई। इस अवसर पर उप अधीक्षक (प्रशासन) जसमनसिंह डावर, सहायक अधीक्षक सुरेश गोयल सहित जेल स्टाफ उपस्थित रहा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com